
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



धुरंधर 2 का पहला गाना आरी आरी रिलीज...



जेनेलिया परफेक्शन नहीं .......

वर्ष : 12 | अंक : 79 | लखनऊ, 14 मार्च, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### 7 साल जेल के बाद शख्स को मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मादक औषधि एवं मनोरोगी पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी एक



व्यक्ति को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी है। कोर्ट ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह व्यक्ति पिछले सात साल से अधिक समय से जेल में बंद है और उसकी अपील पर फिलहाल जल्दी सुनवाई होने की संभावना नहीं है। पीठ ने पटना हाईकोर्ट के आदेश को रद्द किया।

### महाराष्ट्र में सभी वाहनों के लिए एक नियम होंगे


मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने अब पैसेंजर लेकर चलने वाले इलेक्ट्रिक ऑटो (ई-रिक्शा) और



ई-बाइक के लिए परमिट लेना जरूरी कर दिया है। यह फैसला राज्य में नियमों को एक जैसा बनाने के लिए लिया गया है। यह जानकारी परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने शुक्रवार को दी। इससे पहले, इलेक्ट्रिक ऑटो को अलग से परमिट लेने की जरूरत नहीं थी।

### बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

पटना। बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं।



धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद विधानसभा परिसर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस और विशेष सुरक्षा टीमों ने पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इसके बाद अधिकारियों ने तुरंत स्तिथि की समीक्षा की। हर हिस्से पर नजर रखी जा रही है।

### बांका पुलिस लाइन में खाने से 100 बीमार

बांका। बांका पुलिस लाइन में शुक्रवार को फूड पाइजनिंग की घटना से हड़कंप मच गया। दोपहर



का भोजन करने के बाद 100 से अधिक पुलिस जवान अचानक उल्टी-दस्त की शिकायत से बीमार पड़ गए। सभी को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है। इसके बाद अफसर वहां पहुंचे हैं।

### डीएमके और केएमडीके के बीच गठबंधन तय

चेन्नई। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां सक्रिय हो गई हैं। मुख्यमंत्री



एमके स्टालिन और ईआर ईश्वरन के बीच एक अहम बैठक हुई। इस बातचीत के बाद यह तय हुआ कि केएमडीक पार्टी इस बार 'सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस' गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। इसका उद्देश्य चुनावों में मिलकर जीत हासिल करना है।

---

### कोकराझार में 4,570 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया

# असम के तेज विकास के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध, 3 नई रेल सेवाएं शुरू

## मौसम की खराबी के चलते निर्धारित स्थान पर नहीं पहुंच सके

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी के असम के दो दिवसीय दौरे के दौरान खराब मौसम की वजह से उनके कार्यक्रम में अचानक बदलना पड़ा। प्रधानमंत्री को शुक्रवार को कोकराझार जाना था, लेकिन उसे रद्द कर दिया गया, जिसके बाद पीएम गुवाहाटी पहुंचे। इलाके में खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया। गुवाहाटी पहुंचने के बाद प्रधानमंत्रीमोदी ने राजधानी गुवाहाटी से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए असम के कोकराझार में 4,570 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने 3नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने कहा कि मौसम खराब होने की वजह से मैं कोकराझार नहीं आ पा रहा हूं। मैं आप सभी का क्षमाप्रार्थी हूं। यहां गुवाहाटी से ही आपसे संवाद संभव हुआ है। मैं दिल्ली से निकला था आपके पास आने के लिए, लेकिन मुझे गुवाहाटी में ही उतरना पड़ा और अब मैं यहां से आपके दर्शन भी कर रहा हूं और आपसे बात भी कर रहा हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी से ही दी सौगातें



प्रधानमंत्री मोदी ने रिमोट कंट्रोल के माध्यम से दी योजनाओं की सौगातें

### सरकार यहां तेज विकास के लिए निरंतर काम कर रही

उन्होंने कहा कि भाजपा-एनडीए की डबल इंजन सरकार असम की विरासत के संरक्षण और असम के तेज विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। आज यहां इस कार्यक्रम में ही इस क्षेत्र के विकास के लिए 4,500 करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें से 1,100 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि बोडोलैंड की सड़कों के लिए खर्च होने जा रही है। 'असम माला अभियान' के तीसरे चरण से असम की रोड़ कनेक्टिविटी और अधिक सशक्त होगी।

### 'असम माला 3.0' की शुरुआत की

पीएम मोदी ने 3,200 करोड़ की लागत वाली एक प्रमुख सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना 'असम माला 3.0' की शुरुआत की। अंतर-राज्यीय संपर्क को बेहतर बनाने के लिए असम भर में 900 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

### छह सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शिलान्यास किया

उन्होंने बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) क्षेत्र में लगभग 1,100 करोड़ रुपए के निवेश से निर्मित छह सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिनमें चार फ्लाईओवर और दो पुल शामिल हैं।

इन परियोजनाओं से कोकराझार जिले में यातायात जाम कम करने और संपर्क, पर्यटन, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण आवागमन में सुधार लाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, पीएम मोदी ने कोकराझार जिले के बाशबारी में आवधिक मरम्मत (पीओएच) कार्यशाला की आधारशिला रखी।

### 3 रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई

पीएम मोदी ने असम और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में संपर्क सुधारने के उद्देश्य से शुरू की गई तीन नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। इनमें कामाख्या-चारलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल है, जो उत्तर-पूर्व और दक्षिण भारत के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, असम और पश्चिम बंगाल के बीच संपर्क को बेहतर बनाएगी।



### विपक्ष पर किया हमला- कांग्रेस को बताया झूठे वादों की दुकान

प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक बोडोलैंड का ये क्षेत्र कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है। बोडोलैंड की अनेक पीढ़ियों को कांग्रेस ने झूठे सपनों में उलझाए रखा। कांग्रेस सरकारों ने सिर्फ दिखावे के लिए कागजी समझौते किए। इसी सोच के साथ बोडो शांति समझौता किया गया। इस दैरान कांगरेस को झूठे वादों की दुकान बताया।

---

## चुनाव से पहले ममता का बड़ा ऐलान एससी-एसटी और ओबीसी के लिए सांस्कृतिक व विकास बोर्ड बनाएंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

### कुछ समुदायों को लुभाने की कोशिश

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सीएम ममता नेर्जी ने एक नया राजनीतिक और सामाजिक मास्टर स्ट्रोक खेला है। उन्होंने शुक्रवार को घोषणा की कि उनकी सरकार मुंडा, कोरा, डोम, कुंभकार और सदगोप समुदायों के लिए नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी। सीएम ममता के अनुसार यह कदम न केवल इन कमजोर और पिछड़े समुदायों के अधिकारों और परंपराओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में तरक्की को भी बढ़ावा देगा। सीएम बनर्जी ने इसे राज्य में समान और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताया है, जो चुनावी मोर्चे पर भी उनकी पकड़ मजबूत कर सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में सीएम ममता ने लिखा कि मैं खुशी के साथ घोषणा करती हूं कि हमारी सरकार मुंडा (एसटी), कोरा (एसटी), डोम (एससी), कुंभकार (ओबीसी) और सदगोप (ओबीसी) समुदायों के लिए जल्द ही पांच नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी।



### ये समुदाय राज्य की सजीव-रंगनी संस्कृति का हिस्सा

अपने पोस्ट में सीएम ममता बेनर्जी ने इस बात पर भी जोर दिया कि ये पांचों समुदाय राज्य की सजीव और रंगीन संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। बोर्डों के जरिए इनके भाषा, परंपरा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े अधिकारों की रक्षा की जाएगी। सीएम बनर्जी ने यह भी बताया कि 2013 से उनकी सरकार ने कई ऐसे बोर्ड स्थापित किए हैं, जिससे कमजोर समुदायों का संपूर्ण विकास सुनिश्चित किया गया है।

### हमारा लक्ष्य समान विकास करना

इसके साथ ही सीएम ममता ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि कोई भी समुदाय पीछे न रह जाए। उन्होंने जोर दिया कि बंगाल सरकार का लक्ष्य है कि समान विकास और सहयोग के जरिए हर चेहरे पर मुस्कान आए। गौरतलब है कि ममता बनर्जी ने यह घोषणा आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले की है। बंगाल विधानसभा में 294 सदस्य हैं और चुनाव अप्रैल में होने की संभावना है। ऐसे में जहां एक ओर ममता की पार्टी टीएमसी चौथी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है।

---

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ को दिया बड़ा उपहार, ग्रीन कॉरिडोर जनता को समर्पित

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में 1,519 करोड़ की लागत से निर्मित ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ वासियों को बधाई देते हुए कहा कि लखनऊ अब वाकई ह्यमुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैंह्व का प्रतीक बन चुका है। आज लखनऊ वास्तव में नए भारत के आधुनिक शहर की पहचान के रूप में तेजी से उभर रहा है। किसी भी राज्य की राजधानी ऐसी होनी चाहिए, जहां नागरिकों का जीवन सुगम हो और वे आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। इसी उद्देश्य से लखनऊ में आधुनिक कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्कर को तेजी से विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जब लखनऊ की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने का विचार सामने आया, तब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका विजन प्रस्तुत किया। उसी विजन को आगे बढ़ाते हुए लखनऊ डेवलपमेंट अथॉरिटी ने इस परियोजना को मूर्त रूप दिया। सीएम योगी ने कहा कि यह पहल राजधानी लखनऊ में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम, व्यवस्थित एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे शहरवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

### बिना सरकारी बजट के तैयार हुआ बड़ा प्रोजेक्ट

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने अलग से बजट नहीं दिया। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर में सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कर उसका समुचित उपयोग किया और उसी से संसाधन जुटाकर करीब 1,519 करोड़ रुपये की लागत से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पूरा किया। उन्होंने कहा कि शहरी विकास के क्षेत्र में यह मॉडल एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि किस प्रकार संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करके बड़े प्रोजेक्ट पूरे किए जा सकते हैं।

### 28 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत आईआईएम रोड से पक्का पुल तथा पक्का पुल (डालीगंज) से समता मूलक चौराहा तक के दो चरणों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिनका लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही समता मूलक चौराहा से शहीद पथ और शहीद पथ से किसान पथ तक के तीसरे व चौथे चरण का शिलान्यास भी किया गया है। पूरी परियोजना लगभग 28 किलोमीटर लंबी है, जो राजधानी के विभिन्न हिस्सों को जोड़ते हुए यातायात को सुगम बनाएगी।

### 45 मिनट का सफर अब 10-15 मिनट में

सीएम योगी ने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर के बनने से राजधानी में यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा। पहले जिन मार्गों पर लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में 45 मिनट से एक घंटा लग जाता था, अब वही दूरी सिर्फ 10 से 15 मिनट में तय हो सकेगी। इससे समय की बचत होगी और शहर में जाम की समस्या भी कम होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि लखनऊ में बुनियादी ढांचे के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों का भी विकास किया जा रहा है। भूमि को कब्जामुक्त कराया जा रहा है और इस पर करोड़ों की लागत से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इससे शहर में नई सुविधाएं विकसित हो रही हैं।

### लखनऊ बना आधुनिक राजधानी का मॉडल

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश और दुनिया से आने वाले लोग लखनऊ की स्वच्छता, बेहतर सड़कों और आधुनिक व्यवस्थाओं की सराहना करते हैं। वे लखनऊ से प्रभावित होते हैं। अटल सरकार के समय राजनाथ सिंह ही थे, जिन्होंने लखनऊ को शहीद पथ की सौगात दी थी। बाद में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सहयोग से किसान पथ का निर्माण किया गया, जिसने राजधानी की बाहरी रिंग रोड के रूप में लखनऊ को नई पहचान दी। आज ये मार्ग शहर के भविष्य के विस्तार और विकास का आधार बन रहे हैं।

### रक्षा उत्पादन और टेक्नोलॉजी का नया केंद्र बन रहा लखनऊ

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ केवल इंफ्रास्ट्रक्कर में ही नहीं, बल्कि इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना स्थापित हुई है, जहां प्रदेश के युवा इंजीनियर और तकनीकी विशेषज्ञ कार्य कर रहे हैं। एकेटीयू, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक और आईटीआई से पढ़े युवाओं को अपने ही प्रदेश में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

### स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में हो रहा विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लखनऊ को स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। इससे राजधानी और आसपास के क्षेत्रों का समग्र विकास तेजी से होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन झूलेलाल वाटिका में हो रहा है। कभी इस स्थान पर अवैध कब्जा हो गया था, जिसे हटाकर इसे फिर से सार्वजनिक उपयोग के लिए विकसित किया गया। आने वाले 19 मार्च से नव संवत्सर (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के अवसर पर यहां झूलेलाल महोत्सव के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि इस स्थान पर कभी भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच भी आयोजित हुए थे।

### उत्तर प्रदेश बन रहा देश का ग्रोथ इंजन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज गल्फ में वॉर छिड़ी हुई है। इसके अतिरिक्त वैश्विक स्तर पर आर्थिक चुनौतियां हैं, लेकिन मजबूत नेतृत्व के कारण भारत तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश भी इस विकास यात्रा में पीछे नहीं रहेगा और देश के ह्लग्रोथ इंजनह्व के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। लखनऊ को कनेक्टिविटी, निवेश, टेक्नोलॉजी और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्कर के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

---

## घर में कामवाली पर जेवर चोरी का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने घर में काम करने वाली महिला पर जेवर चोरी करने का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-एन निवासी रत्नेश शर्मा पुत्र नवरत्न कुमार शर्मा के अनुसार उनके घर में सेक्टर-एम क रिक्शा कॉलोनी निवासी लक्ष्मी भारती पत्नी नरेश भारती पिछले करीब 11 माह से साफ-सफाई और बर्तन धोने का काम कर रही थी। आरोप है कि दिसंबर माह में उनकी माता के हाथ का करीब 7.5 ग्राम वजन का कंगन चोरी हो गया था, लेकिन उस समय किसी को इसकी जानकारी नहीं हो सकी और बीते 28 फरवरी को उनकी छोटी बहन ससुराल जाने की तैयारी कर रही थी, तभी उसके कान का सुई-धागा एक जोड़ी, दो जोड़ी कान के टॉप्स और एक अंगूठी समेत करीब 29 ग्राम के जेवर घर से गायब मिले जिसकी काफी तलाश की गई लेकिन जेवर नहीं मिले। वही पीड़ित का कहना था जब घर में काम करने वाली लक्ष्मी भारती उस दिन काम पर नहीं आई। तो उन्होंने फोन किया तो उसने आरोपित महिला ने तबीयत खराब होने की बात कही और घर पर होने की जानकारी दी। बाद में पता चला कि वह घर के पीछे ही किसी अन्य मकान में काम कर रही थी। इस पर परिजनों को शक हुआ तो महिला मौके से भागने लगी। जिसकी सूचना उन्होंने कन्ट्रोल नम्बर पर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को पूछताछ के दौरान आरोपित महिला ने पीड़ित की माता की चेन चोरी करने की बात स्वीकार करते हुए उसे वापस करने की बात कही।

---

### गृहमंत्री शाह की अध्यक्षता में मंजूरी

## आपदा पीड़ित 6 राज्यों को 1,912 करोड़ की अतिरिक्त राशि मिलेगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति (एचएलसी) ने



वर्ष 2025 के दौरान आई बाढ़, फ्लैश फ्लड, बादल फटने, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान 'मोंथा' से प्रभावित छह राज्यों के लिए 1,912.99 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। यह सहायता राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से देंगे। सरकार आपदाओं के समय राज्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हर संभव मदद प्रदान कर रही है।

### इन राज्यों को मिलेगी सहायता

इस राशि में आंध्र प्रदेश को 341.48 करोड़, छत्तीसगढ़ को 15.70 करोड़, गुजरात को 778.67 करोड़, हिमाचल प्रदेश को 288.39 करोड़, नगालैंड को 158.41 करोड़ और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को 330.34 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। यह वर्ष के शुरुआती बैलेंस के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन होगी।

## संक्षेप

### सरयू नहर परियोजना के विस्तार से पूर्वी यूपी में बढ़ेगा सिंचित क्षेत्र

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। सरयू नहर परियोजना के विस्तार से पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश में प्रदेश का सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग इस राष्ट्रीय परियोजना के तहत कुल 14.04 लाख हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य तय किया है। इस दिशा में वर्ष 2026-27 में नए कुलाबों का निर्माण और गैप्स को पूरा करने के साथ प्रेशर सिंचाई प्रणाली विकसित कर सरयू नहर परियोजना की सिंचाई क्षमता में लगातार वृद्धि की जा रही है। इससे न केवल पूर्वी यूपी में सिंचाई कमांड एरिया में वृद्धि हो रही है, बल्कि क्षेत्र के किसानों के उत्पादन और आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सरयू नहर परियोजना के तहत पूर्वी यूपी के नौ जिलों में 9000 कुलाबों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से लगभग 7345 कुलाबों का निर्माण पूरा हो चुका है। शेष 1655 कुलाबों का निर्माण सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूरा कर रहा है। इससे क्षेत्र में लगभग 66,200 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षेत्र का विकास होगा, जिसका लाभ क्षेत्र के किसानों को रबी और खरीफ दोनों फसलों में मिलेगा। इसी क्रम में नहरों में 14 गैप्स के कारण बड़े क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होती है। इनमें से 14 नहर गैप्स में निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। इस कार्य के पूरा होने से लगभग 27,863 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। सरयू नहर परियोजना के तहत कम जल उपलब्धता वाले क्षेत्रों में सिंचाई व्यवस्था का विस्तार करने के उद्देश्य से यूपी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से प्रेशर सिंचाई परियोजना का चरणबद्ध विकास कर रहा है।

### जमीन के सुरक्षित लेनदेन से बढ़ेगा भरोसा

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जमीन और संपत्ति से जुड़े विवादों, धोखाधड़ी और जालसाजी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने सख्त कदम उठाया है। हाल ही में लिया गया यूपी कैबिनेट का फैसला आने वाले समय में बड़ा बदलाव ला सकता है। रजिस्ट्री से पहले भू-संपत्ति के मालिकाना हक और उससे जुड़े दस्तावेजों की अनिवार्य जांच की व्यवस्था लागू होने से जमीन के लेनदेन को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने की दिशा में नई शुरूआत मानी जा रही है। यह फैसला भू-माफियाओं की कमर तोड़ने का भी काम करेगा साथ ही लोगों की मेहनत की कमाई लुटने से बचेगी। जमीन की खरीद-फरोख्त के मामलों में अक्सर कोई न कोई समस्या सामने आती रहती है। रजिस्ट्री होने के बाद खरीदार को पता चलता है कि जमीन विवादित है, उस पर किसी और का दावा है या फिर दस्तावेजों में गड़बड़ी है। ऐसे मामलों में कई बार लोगों को लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ती है और उनकी मेहनत की कमाई दांव पर लग जाती है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद रजिस्ट्री से पहले ही कागजात और मालिकाना हक की जांच होने से ऐसे जोखिम काफी हद तक कम हो सकते हैं।

# लंदन से आये न्यायिक सदस्यों व बैरिस्टरों ने फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का भ्रमण किया

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में लंदन से आए न्यायिक सदस्यों एवं पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने संस्थान का परिभ्रमण किया। संस्थान में परिभ्रमण पर आए सदस्यों को संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के गोस्वामी, आईजी राजीव मल्होत्रा एवं डीआईजी हेमराज मीणा ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया। प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ बैरिस्टर बलदीप सिंह, पीटर क्लार्क, डेविड जोस्से केसी, देवेंद्र धालीवाल, डॉ सतविंदर एस जूसे, तलवीर सिंह केसी, हरजोत सिंह, ईरविंदर बक्शी, इकबाल दीप सिंह, शरणदीप सहोता, रूठ में बारबर, महिला प्रकरण के बैरिस्टर गेराल्डिन मोर, या दानकवा एमपाडु, सखे, ग्रेगरी वेज, श्री संजय तुरा, रुपिंदर कौर मथारू, अरुणा वर्मा, जस्टिन वांग, मनदीप सिंह खटकड़, लवजोत सिंह, लखबीर सिंह, अनहद सिंह, गुरु मनजोत सिंह तिवाना, ज्योति कौर, अमनदीप सिंह सिद्धू, जयवीन सिंह मल्ही, देवजोत सिंह, हरमन सिंह, चरण संधू, रोसिये कौर, पुनीत चीमा, हर सिमरन गुलाटी, दिलप्रीत सलूजा, जज राज सिंह भदेसर, जज मनप्रीत, ईशपाल सिंह, जज जिंदर सिंह, जज रवि सैंडिल तथा जज सुखी गिल ने फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट में स्थापित विश्व स्तरीय डीएनए लैब तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ड्रोन लैब का विजिट भी किया। फॉरेन डेलिगेट्स ने लैब में स्थापित विभिन्न प्रकार के सभी महत्वपूर्ण उपकरणों एवं उनके के बारे में जाना। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के गोस्वामी ने भ्रमण पर आए हुए बैरिस्टर तथा न्यायिक सदस्यों को संबोधित करते हुए शैक्षणिक सत्र एवं प्रचलित कोर्सों के बारे में विस्तृत रूप से परिचय कराया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शिता का परिणाम है। यह संस्थान भारत का दूसरा संस्थान है जो फॉरेंसिक विषयों पर तकनीकी एवं फॉरेंसिक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर है। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि आज के दौर में अनसुलझे अपराधों की रहस्यों को खोलने में फॉरेंसिक की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। फॉरेंसिक विषय से संबंधित साक्ष्य अपराधियों को सजा के द्वार तक पहुंचाते हैं। इस अवसर पर डीआईजी हेमराज मीणा ने संस्थान परिभ्रमण पर लंदन से आए प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधि मंडल के कोऑर्डिनेटर बैरिस्टर हरजोत सिंह ने संस्था प्रमुख डॉ जी के गोस्वामी सहित यूपीएसआईएफएस परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश के उच्च न्यायालय के कई अधिवक्तागणों सहित अपर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र श्रीवास्तव, चिरंजीव मुखर्जी, अतुल यादव, विवेक कुमार, जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी सहित फैकेल्टी डॉ. श्रुति दास गुप्ता, डॉ. मनीष राय, डॉ पलक अनेजा, शैलेंद्र सिंह, अमर सिंह, बृजेश सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।


## दो अलग-अलग सड़क हादसों में मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों के मामलों में पीड़ित परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्नाव जिले के पुरवा तहसील अंतर्गत ग्राम रावसिया निवासी अमित कुमार के मुतबिक उनके पिता स्व. वेदपाल वरुण सिक्योरिटी में गार्ड के पद पर कार्यरत थे और सरोजनी नगर के बेहसा में रहते थे। अमित का कहना है कि 2 मार्च 2026 की सुबह वेदपाल ड्यूटी समाप्त कर अपने कमरे जा रहे थे। आरोप है कि अमौसी मेट्रो स्टेशन के नीचे सुबह करीब 6:30 से 7:30 बजे के बीच पीछे से आ रही एक अज्ञात कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट लग गई। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। वहीं दूसरे मामले में सरोजनी नगर के गंगानगर, अमौसी निवासी ऊषा देवी के मुताबिक 5 मार्च की रात करीब 10 बजे उनकी बेटी चंचल कुमारी और बेटा नमन कुमार बाइक से घर लौट रहे थे। तभी चौहान पुरम के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक ने लापरवाही से टक्कर मार दी। बाइक पर तीन लोग सवार थे। इस घटना में चंचल और नमन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में गोमतीनगर स्थित सेंट जोसेफ अस्पताल में दोनों का इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, किशोरी बरामद

**अमन लेखनी समाचार**



आरोपी अमरेश फोटो

लखनऊ। रहीमाबाद पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है और आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि 12 मार्च को हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अमरेश नामक युवक उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर रहीमाबाद थाने में अपहरण समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम ने जांच शुरू कर दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अगले दिन शुक्रवार को तरौना मोड़ के पास से आरोपी अमरेश निवासी ग्राम पड़रा थाना मलिहाबाद को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही नाबालिग किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। वहीं किशोरी का नियमानुसार मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## कार और बाइक की भिड़ंत, चार घायल, दो की हालत गंभीर

**हादसा**

**अमन लेखनी समाचार**



घायल परी फोटो



घायल आशीष फोटो



इलाज कराते राम अवतार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में एक ही बाइक पर सवार चार लोग घायल हो गए। हादसे में दो युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार मलिहाबाद के रहमतनगर निवासी राम अवतार (55), पंकज मौर्य (24), आशीष (18) और दो वर्षीय मासूम परी शुक्रवार शाम करीब साढ़े 9 बजे उन्नाव जनपद के सफीपुर से बाइक से वापस अपने गांव रहमतनगर लौट रहे थे। जैसे ही वे मलिहाबाद थाना क्षेत्र के महमूदनगर ढाल के पास पहुंचे और बाइक को पंकज ने रहमतनगर की ओर मोड़ा, तभी मलिहाबाद की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार चारों लोग सड़क पर गिरकर कुछ दूर तक घिसटते चले गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हाईवे पर चल रहे ट्रैफिक के बीच हादसा होते देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने पंकज और आशीष की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं राम अवतार और मासूम बच्ची परी को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और कार को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



घायल पंकज फोटो

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो गंभीर घायल

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। नगराम थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक और मामला सामने आया शारदा नहर के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाना नगराम में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी जानकारी के अनुसार ग्राम टिकरा जुगराज निवासी विन्देश्वर के पुत्र अजीत कुमार और सतीश कुमार 24 फरवरी की रात करीब आठ बजे मोटरसाइकिल से किसी काम से जा रहे जब वे शारदा नहर के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें दो बार ओवरटेक किया वही राहगीरों ने बताया कि कार चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था उसी दौरान कार अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और तुरंत 112 एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। चिकित्सकीय जांच में सामने आया कि अजीत कुमार की सीने की हड्डी टूट गई जबकि सतीश कुमार के पैर में फ्रैक्चर के साथ जबड़े और आंख में गंभीर चोट आई सतीश की आंख में आई चोट का इलाज बाद में मानसरोवर स्थित एक आई हॉस्पिटल में कराया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि कार संख्या यूपी-32 सीके 9162 के चालक आयुष वर्मा ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए इस हादसे को अंजाम दिया। घटना के बाद परिजनों ने थाना नगराम पहुंचकर आरोपी चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। नगराम थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया और मामले की जांच की जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एसीपी ने दिया मथुरा महोत्सव के मंच पर नारी सशक्तिकरण का संदेश

**रासलीला में धनुष भंग के बाद हुआ कंस का वध, असत्य पर सत्य की जीत देख दर्शकों ने किया जयघोष**

**अमन लेखनी समाचार**



निगोहां। मोहनलालगंज की दयालपुर ग्राम पंचायत के बाजपेई खेड़ा गांव में रासलीला के सात दिवसीय दिव्य और आनंदमय आयोजन के छठे दिन श्रीकृष्ण और बलदाऊ द्वारा मथुरा महोत्सव में धनुषभंग के साथ हीं कंस वध कर अन्य अत्याचारियों का वध किया गया कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण की अन्य लीलाओं का भी सजीव मंचन हुआ रासलीला का शुभारंभ एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडेय व ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया यह रासलीला मथुरा, वृंदावन के कलाकारों और रसाचार्य भावेश कृष्ण भारद्वाज के सानिध्य में हो रही जिसमें कंस वध का दृश्य देख दर्शक भाव-विभोर होकर जयघोष करने लगे इस दौरान हजारों की संख्या में मौजूद भक्तों को विन्ध्येश्वरी परिवार द्वारा प्रसाद वितरित किए गया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद एसीपी मोहनलालगंज विकास कुमार पांडे ने नारी सशक्तिकरण के संबंध में बहुत ही प्रेरणादायक संदेश दिया एसीपी ने कहा महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की हिंसा या भेदभाव के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए हमें अपने समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा उन्होंने आगे कहा महिलाएं किसी से कम नहीं हैं, वे हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हमें उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए और उनके अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए एसीपी ने महिलाओं को सलाह दी कि वे अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए मेहनत करें और कभी हार न मानें। उन्होंने कहा आप अपने सपनों को पूरा कर सकती बस आपको अपने ऊपर विश्वास रखना होगा। कार्यक्रम में विन्ध्येश्वरी परिवार के मुखिया उमाशंकर शुक्ल थानाध्यक्ष निगोहां अनुज कुमार तिवारी रवि शुक्ल सोनू विन्ध्येश्वरी, विंध्येश शुक्ल, भाजपा नेता अभिषेक शुक्ल विन्ध्येश्वरी, पत्रकार राघवेंद्र सिंह, दिलीप मिश्रा, अनिल सिंह समाजसेवी करन शुक्ला, देवांश शुक्ल ₹पंडित₹ सहित हजारों भक्त मौजूद रहे।

## बेखौफ चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर गहने, चांदी के बर्तन और नकदी करी पार

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के गहने, चांदी के बर्तन और नकदी पार कर दी। जानकारी होने के बाद पीड़िता ने सरोजनी नगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है है। सरोजनी नगर के वसुधा स्टेट निवासी महिला मंजू शाक्य पत्नी स्व. डॉ. एमसी शाक्य के मुताबिक वह 26 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 12 बजे किसी कार्य से अपने मूल गांव फरुर्खाबाद गई थीं। मंजू का कहना है कि 10 मार्च को जब वह वापस लौटी तो देखा कि घर और अलमारी के ताले टूटे होने के साथ अंदर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। पीड़िता का कहना है कि अलमारी में रखी सोने की चेन, अंगूठी, नाक की कील, पायल, बिछिया सहित दूसरे कमरे में रखे चांदी के बर्तन (कटोरी, गिलास और चम्मच) के साथ करीब 25 हजार रुपये नकद गायब थे। इसके बाद पीड़िता ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश में जुटी है।

## बेहोशी की हालत में बाग में बेसुध मिला युवक, इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। उन्नाव जिले के एक अविवाहित युवक की बंथरा थाना क्षेत्र में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह कुछ दिन पहले उन्नाव के सोहरामऊ थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में बेहोशी की अवस्था में मिला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना अंतर्गत बजेहरा गांव निवासी जय सिंह (38) अविवाहित था। मंगलवार को वह सोहरामऊ के मढ़िया मऊ जाने वाले रास्ते पर एक बाग में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला था। उसके शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए थे। सूचना मिलने पर परिजनों ने इलाज के लिए उसे बंथरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहाँ इलाज के दौरान गुरुवार दोपहर जय सिंह की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में मृतक के नशे का आदी होने की बात सामने आई है।

## रास्ते के विवाद में पति को रातभर थाने में बैठाने का आरोप

**रास्ता अवरुद्ध कर पानी भरने व धमकी देने का आरोप, पीड़िता ने न्याय की लगाई गुहार.....**

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे में रास्ते के विवाद से जुड़ा एक मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा मामले में एक महिला ने पड़ोसियों पर रास्ता अवरुद्ध करने गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया पीड़िता का यह भी आरोप कि शिकायत के बाद उसके पति को ही पूरी रात थाने में बैठाए रखा गया निगोहां थाना क्षेत्र के नारायण खेड़ा मजरा उतरावां निवासी निशा वर्मा पत्नी आशुतोष वर्मा ने बताया कि वह नीलकंठ विहार कॉलोनी में अपना मकान बनवा रही मकान निर्माण के लिए सार्वजनिक रास्ते से निर्माण सामग्री लाई जा रही थी लेकिन पड़ोस में रहने वाले विवेक सिंह छाया सिंह व एक अन्य व्यक्ति द्वारा रास्ता अवरुद्ध करने का प्रयास किया जा रहा पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने जबरन समरसेबल पाइप लगाकर रास्ते में पानी भर दिया जिससे रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और निर्माण सामग्री लाने में दिक्कत होने लगी। जब इसका विरोध किया गया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। महिला के अनुसार इस मामले में उसने बीते 17 फरवरी को मोहनलालगंज थाने में शिकायत दी थी। इसके बाद बीते 21 फरवरी को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भी प्रार्थना पत्र दिया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ वही पीड़िता का आरोप है कि जब उसका पति इस मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाय उसे ही पूरी रात थाने में बैठाए रखा स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि सुबह कथित रूप से सुविधा शुल्क लेने के बाद उसे छोड़ा गया। वहीं पीड़िता और उसका परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है और प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा इस संबंध में मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं आया यदि इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त होती तो उसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार कार टक्कर से मासूम की मौत

**ग्रामीणों ने कार घेरकर महिला चालक को पकड़ा, पुलिस ने हिरासत में लेकर शुरू की कार्रवाई....**

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी रोड स्थित इमलिहिया खेड़ा गांव के सामने शुक्रवार शाम एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार वैगनआर कार की टक्कर से एक मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्चा कार में फंस गया और करीब सौ मीटर तक सड़क पर घिसटता चला गया इस भयावह दृश्य को देखकर आसपास मौजूद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और उन्होंने कार को घेरकर चालक महिला को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को लगभग शाम 4 बजे सूचना मिली कि सिसेंडी रोड पर एक कार ने बच्चे को टक्कर मार दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि वैगनआर कार संख्या यूपी 32 एमवी 0089 को रेनू संजीव कुमार चला रही थीं। इसी दौरान कार ने सड़क किनारे मौजूद अर्जुन लगभग 6 वर्षीय पुत्र पिंकल उर्फ टिंकल निवासी इमलिहिया खेड़ा थाना मोहनलालगंज को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मासूम अर्जुन घर के पास सड़क किनारे खेल रहा था। तभी तेज रफ्तार से आई कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्चा कार के नीचे फंस गया और वाहन के साथ करीब सौ मीटर तक सड़क पर घिसटता चला गया। यह दर्दनाक मंजर देखकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और किसी तरह कार को रुकवाया। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने कार को चारों तरफ से घेर लिया और चालक महिला को पकड़कर रोक लिया। कुछ देर तक मौके पर तनाव का माहौल बना रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को शांत कराते हुए चालक महिला को उनके चंगुल से छुड़ाकर सिसेंडी चौकी ले गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल बच्चे को तत्काल सीएचसी मोहनलालगंज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के बाबा केशन पासी ने बताया कि अर्जुन उनके पुत्र पिंकल का बेटा था और घर का इकलौता चिराग था। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक महिला को हिरासत में ले लिया है। मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के परिजनों से तहरीर प्राप्त कर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शव का पंचायतनामा भरकर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है और ग्रामीणों ने सिसेंडी रोड पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने तथा सड़क सुरक्षा के लिए ठोस इंतजाम करने की मांग की है।

## संक्षेप

### दुकान पर बैठे युवक के साथ दबंगो ने की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र चौहानखेड़ा निवासी सबल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया कि बुधवार को सुमेरपुर स्थित अपनी दुकान ग्राहक सेवा केन्द्र पर बैठा था सुबह करीब 10 बजे पुरानी रंजिश को लेकर अमित सिंह व अतुल सिंह पुत्रगण अशोक सिंह अपने साथी विवेक सिंह उर्फ विक्कू और रौनक सिंह निवासी नयाखेड़ा जमीपुर दुकान पर आकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे।मारपीट की आवाज सुन पड़ोसियों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए सभी भाग निकले।तहरीर के आधार पर पुलिस ने बी एन एस की धारा 115(2), 352 ,351(3), 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

**थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।जांच कर कार्यवाही की जाएगी।**

### मामूली से विवाद पर घर में घुसकर की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के फकीर खेड़ा निवासी सोनी पत्नी अमित ने थाने में तहरीर देखकर गांव के ही लोगों पर घर में घुसकर मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है।सोनी ने थाने में प्रार्थना पत्र देखकर आरोप लगाया कि शुक्रवार को सुबह 8:00 बजे शांति पत्नी प्रेम शंकर में घर से निकास को लेकर कुछ कहा सुनी हो गई थी तभी शांति देवी के पति बाबूलाल नाती रौनक , बऊवन तथा सोनी पत्नी ललित घर में घुस आए और मारपीट करते हुए मेरा मोबाइल भी छीन लिया। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया की प्रार्थना पत्र पर मौके पर पुलिस भेजी गई पुलिस के सामने ही दोनों पक्ष विवाद करने लगे।दोनों पक्षों से एक एक महिलाओं के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

### बाइक सवार युवक को पिकअप लोडर ने मारी टक्कर हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।थाना माखी क्षेत्र के चकलवंसी परियर मार्ग पर तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल भेज दिया थाना माखी क्षेत्र के मवाही बुजुर्ग निवासी दीपांशु 18 वर्ष शिवशंकर बाइक से जा रहा था तभी चकलवंशी परियर मार्ग भीमेश्वर मंदिर के पास तेज रफ्तार पिकअप लोडर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

# निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उमराव खेड़ा स्थित कन्या पाठशाला में डीएसएन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत एक निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में जिला अस्पताल उन्नाव की मेडिकल टीम ने 90 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श व निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रचना त्रिवेदी की देखरेख में दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला अस्पताल से डॉ. आशीष तिवारी और ग्राम प्रधान प्रमोद शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था।डॉ. आशीष तिवारी ने शिविर में बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और युवाओं की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान सामान्य बीमारियों, कमजोरी, रक्तचाप और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कर मरीजों को उचित परामर्श दिया गया। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। नेत्र जांच के लिए जिला अस्पताल उन्नाव से जय भारत सिंह उपस्थित थे, जिन्होंने ग्रामीणों की आंखों की जांच की।जिन लोगों को आंखों से संबंधित समस्या पाई गई, उन्हें आगे उचित उपचार और सावधानी बरतने की सलाह दी गई। साधना सिंह ने भी नेत्र जांच शिविर में सहयोग प्रदान किया। कुल मिलाकर, शिविर में 90 से अधिक मरीजों की जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह तथा दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। ग्राम प्रधान प्रमोद शर्मा ने भी शिविर में सक्रिय भागीदारी निभाई और पूरे समय उपस्थित रहकर सहयोग किया।इस पहल की सराहना कन्या पाठशाला की प्रधानाचार्य शशि, शिक्षामित्र सुनीता, पंचायत की कंप्यूटर ऑपरेटर कुमारी रोली और गांव के अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भी की। शिविर की सफलता में एनएसएस के स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने माइक के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया और बुजुर्गों व जरूरतमंदों को शिविर तक लाने में मदद की। नीरज, सार्थक, रिया, नाजिया, स्वालीहा सहित अन्य स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और सेवा भाव के साथ कार्यक्रम में सहयोग किया।

## मंदिर परिसर में दो दिवसीय मेले का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।मियागंज कस्बा के भूपत खेड़ा में प्राचीन मां तपेश्वरी मन्दिर प्रांगण में दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया जिसमें कानपुर से आए कलाकारों ने रामलीला व परशुरामी कार्यक्रम का मंचन किया जिसमें श्रीराम का रोल शिवा मिश्रा फतेहपुर ने निभाया वहीं लक्ष्मण का रोल आकाश द्विवेदी बिल्हौर, श्री परशुराम का रोल शैलेन्द्र मिश्रा, जनक का रोल लक्ष्मीकांत अवस्थी, रावण का रघुबीर दीक्षित, बाणासुर सर्वेश अवस्थी, हास्य कलाकार गुड्डन कानपुरी, नृत्य कलाकार मनीषा चौधरी (छुई-मुई) ज्योति रानी, ब्यास जी शिव नारायण द्विवेदी, तबला वादक ऋषि तिवारी, पर्दा पोशाक मनोज शर्मा, मण्डलाधीश अवस्थी जी ने अलग-अलग प्रस्तुतियां दी जिससे श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए वहीं श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा बस्ती सहित क्षेत्र के लोगों ने मेला पहुंचकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया वहीं पुजारी दुगार्दास ने आये हुए श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया इस अवसर पर ग्राम प्रधान नगमा अंसारी, मोहम्मद असद अंसारी लेखपाल, दिनेश गुप्ता, शीबू अहमद पत्रकार समाजसेवी, हरिश्चंद्र राजपूत, मोहनलाल राजपूत, दीपक राजपूत, वजहुल कमर, प्रकाश राजपूत, रामचन्द्र कश्यप, सुनील राजपूत, गोरखलाल मौर्य, राजन, अनील राजपूत, रामकुमार राठौर, रत्नेश राठौर, गोपी प्रजापति, हनीफ खां, सीटू गुप्ता, आवेश अख्तर, हरी मौर्या, कमलेश मौर्या, मंझले अंसारी, खलील अंसारी, फजीउर रहमान अंसारी, अकील अंसारी, मुन्ना सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# रिंग रोड निर्माण में जबरन मिट्टी खनन करने का किसानों ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। निमार्णाधीन रिंग रोड परियोजना को लेकर विवाद गहरा गया है। सदर तहसील क्षेत्र के सरवागर दुधौड़ा गांव में मछुआरों और किसानों ने रिंग रोड निर्माण से जुड़े ठेकेदारों पर जबरन मिट्टी खनन और भूमि को क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया है। इस मामले में निषाद पार्टी के सह प्रभारी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रामखेलावन निषाद मौके पर पहुंचे और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।ग्रामीणों का आरोप है कि रिंग रोड निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार ग्राम समाज की भूमि और मछुआरों के खेतों से जेसीबी मशीनों के जरिए जबरन मिट्टी खोद रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि विरोध करने के बावजूद खनन कार्य नहीं रोका गया, जिससे उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। मछुआरों का कहना है कि इस अवैध मिट्टी खनन से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है और राजस्व विभाग को भी भारी क्षति पहुंचाई जा रही है। स्थिति बिगड़ने पर स्थानीय मछुआरों ने निषाद पार्टी के सह प्रभारी रामखेलावन निषाद को फोन कर मौके पर बुलाया। सूचना मिलने पर रामखेलावन गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) उन्नाव को फोन कर तत्काल अवैध खनन रुकवाने की मांग की। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद एसडीएम और क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर चल रहे खनन कार्य को रुकवाया। रामखेलावन निषाद ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों और दबंग लोगों द्वारा मछुआरों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने एक फार्म संचालक द्वारा मछुआरे के खेत में खड़े प्रतिबंधित पेड़ों को काटने और खेत को तालाब जैसा बनाने का भी आरोप लगाया, जिससे किसान को भारी नुकसान हुआ है। रामखेलावन निषाद ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। मौके पर मौजूद किसान रामनरेश ने भी आरोप लगाया कि बिना अनुमति खेतों से मिट्टी निकाली जा रही थी, जिससे खेती योग्य जमीन खराब हो रही है। किसानों और मछुआरों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। निषाद पार्टी नेता ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और मछुआरों के हितों की बात करती है, लेकिन स्थानीय स्तर पर हो रही ऐसी घटनाएं सरकार की मंशा पर सवाल खड़े कर रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मछुआरों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। फिलहाल प्रशासन द्वारा मामले की जांच की बात कही जा रही है। ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नवाबगंज ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान सोहरामऊ थाना क्षेत्र के कुशहरी गांव निवासी 23 वर्षीय रामेश्वर पुत्र स्व. छोटेलाल के रूप में हुई है। रामेश्वर शुक्रवार शाम को अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मिश्रीगंज गांव स्थित अपनी ननिहाल आया था। वहां से वह अपनी मौसी के लड़के सर्वेश की बाइक लेकर अजगैन गांव जाने के लिए निकला था।इसी दौरान लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अजगैन बाजार मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल युवक को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अजगैन पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मृतक रामेश्वर के माता-पिता दोनों का निधन हो चुका है। उसकी दो बहनें हैं, ज्योति विवाहित है और सरोजनी उससे छोटी है। मृतक के मौसी के लड़के सर्वेश ने बताया कि रामेश्वर मिश्रीगंज आया था और अजगैन जाने के लिए बाइक लेने की जिद कर रहा था। रास्ते में यह हादसा हो गया।

# अलविदा जुमे की नमाज को लेकर की गई व्यापक सुरक्षा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। रमजान माह के आखिरी शुक्रवार यानी अलविदा जुमे की नमाज के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस प्रशासन ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है, साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अलविदा जुमे की नमाज के मद्देनजर सुरक्षा की विस्तृत योजना पहले ही तैयार कर ली गई थी। कोतवाली थाना क्षेत्र सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हो सके और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।रमजान के अंतिम दिनों में बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंचते हैं, जिसे देखते हुए विशेष इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यदि अगले शनिवार को ईद पड़ती है, तो उससे पहले एक और जुमे की नमाज हो सकती है, इसलिए प्रशासन ने अभी से पूरी तैयारियां कर ली हैं। जनपद के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों को भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए हैं। वे अलग-अलग क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंगे और तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। सभी थाना प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई स्थानों पर ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आवश्यकतानुसार ड्रोन कैमरों के माध्यम से भीड़ और गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई हो सके। इसके साथ ही, मस्जिदों और नमाज स्थलों के आसपास यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस को अलर्ट किया गया है। प्रमुख मार्गों पर पुलिस को अलर्ट किया गया है। प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग और पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। पुलिस प्रशासन ने लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की है। नमाज अदा करें तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि जनपद में अलविदा जुमे की नमाज को पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जाएगा।

## सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र के पापरि गांव स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का सात दिवसीय आयोजन भक्तिमय माहौल के बीच संपन्न हो गया। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। कथा व्यासों ने भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न चरित्रों और उनकी दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, भक्ति और सदाचार से जुड़े प्रसंगों को विस्तार से प्रस्तुत किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। सात दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा।कथा वाचन पंडित रुचि शास्त्री, पंडित शुभांकित दीक्षित जी महाराज और पंडित शीला शास्त्री द्वारा किया गया। समापन अवसर पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ तथा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। पूरे आयोजन में मंदिर परिसर में भक्तिमय



वातावरण बना रहा। इस अवसर पर सोनू मिश्रा, पीयूष मिश्रा, राहुल सैनी, प्रियांशु, संजय, राजू, अमरीश, अशोक सहित क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे। आयोजक शीतल वर्मा ने कथा वाचकों का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

# युवक पर फायरिंग करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस ने एक युवक पर फायरिंग के मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। इस घटना का लाइव वीडियो सामने आने के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया था। बीते बुधवार को डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना अचलगंज क्षेत्र के ग्राम घर्षिल पुरवा में 19 वर्षीय लवकुश यादव को चंदन निषाद ने गोली मार दी है। गोली लगने से लवकुश गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।प्रारंभिक जांच और स्थानीय लोगों से पूछताछ में सामने आया कि घायल लवकुश और मुख्य आरोपी चंदन पहले दोस्त थे। दोनों मुंबई में रहकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए रील बनाते थे। किसी व्यक्तिगत विवाद के चलते दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपी ने गुस्से में आकर फायरिंग कर दी। घायल के पिता रामकेश की तहरीर पर थाना अचलगंज में चंदन निषाद, फूलचंद निषाद और दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देश पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी चंदन (22) पुत्र नन्हकी उर्फ रामकिशन निवासी घस्सिलपुरवा सहित उसके साथी फूलचंद्र (21), संजीत (19) और गोविंद (25) को बलाई घाट मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद आरोपी चंदन की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया गया 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धारा भी बढ़ा दी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी चंदन का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पूर्व में मारपीट व धमकी से संबंधित कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## चोरी की दो बाईकों समेत युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक शातिर मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलो के अलावा अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कोतवाली में पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। कोतवाली के उपरीक्षक वीरेंद्र विक्रम सिंह व सुरेंद्र यादव सिपाही अमित कुमार एवं राजेश कुमार के साथ पुलिस बिल्हौर मार्ग स्थित कल्याणी नदी पुल के निकट सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे।इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में एक युवक मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की तो वह घबरा गया। वह मोटरसाइकिल के कागजात भी नहीं दिखा सका।तब पुलिस ने उसकी तलाशी ली। जिसमें उसके पास से एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए युवक ने अपना नाम इमरान पुत्र इलियास निवासी मोहल्ला तलैया मुन्नू मियां कस्बा बांगरमऊ बताया ।कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी की बात कबूल कर ली। इसके बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की एक अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद की। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है। जिसके विरुद्ध यहाँ कोतवाली में चोरी, अवैध असलहा और अन्य धाराओं में कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया।

## पांच बच्चों पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस ने पांच बच्चों पर जानलेवा हमला करने के आरोपी विशाल यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर बच्चों पर तेल फेंककर उन्हें जलाने का प्रयास करने का आरोप है। यह गिरफ्तारी औरास थाना क्षेत्र से 13 मार्च 2026 को की गई।घटना 11 मार्च 2026 को औरास थाना क्षेत्र के दिगपाल खेड़ा गांव में हुई थी। वादी विशुनपाल पासी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि विशाल यादव ने उनके बेटों सुमित और श्यामबाबू, केशनपाल के बेटों सुधीर और सौनक, तथा रामखेलावन पासी के बेटे मनोज पर जान से मारने की नीयत से खुला तेल फेंक दिया था।इस हमले में पांचों बच्चे बुरी तरह झुलस गए थे।इस मामले में औरास थाने में मु0अ0सं0 61/2026 धारा 124(1) बीएनएस और 3 (2)श एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ द्वारा की जा रही है।पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देश और क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत, औरास पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। आरोपी विशाल यादव को 13 मार्च 2026 को सुबह करीब 10:30 बजे धनेया खेड़ा, हसनपुर पश्चिम बाव से रामपुर गढ़ौवा जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विशाल यादव (उम्र करीब 23 वर्ष) पुत्र रामसिंह यादव निवासी ग्राम दिगपाल खेड़ा, मजरा हसनपुर पश्चिम बाव, थाना औरास, जनपद उन्नाव के रूप में हुई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार, उपनिरीक्षक उपेंद्र कुमार, आरक्षी राजेश, आरक्षी भानू और आरक्षी चालक हरपाल शामिल थे।

# देवमई में सिद्धेश्वर बाबा धाम पर गूंजी तीन दिवसीय भागवत कथा

अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव। क्षेत्र के विकासखंड हिलौली अंतर्गत ग्राम देवमई स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर बाबा धाम में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भागवताचार्य प्रबल जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को ज्ञान और भक्ति का अमृत पान कराया। कथा सुनने के लिए आसपास के गांवों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पंडाल में पहुंचे और कथा का रसपान किया।कथा के दौरान भागवताचार्य प्रबल जी महाराज ने महाभारत प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि जब अर्जुन अपने ही परिवार के विरुद्ध युद्ध करने से मोहवश पीछे हट गए थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाकर उनके मोह का नाश किया और धर्म की रक्षा के लिए युद्ध करने का संदेश दिया।उन्होंने आगे बताया कि महाभारत युद्ध के बाद राजा युधिष्ठिर ने अपने पितरों का तर्पण किया और तीन अश्वमेध यज्ञ संपन्न कराए। वहीं माता कुंती ने भगवान श्रीकृष्ण से यह वरदान मांगा कि जीवन में विपत्तियां बनी रहें, ताकि हर संकट में उनका स्मरण होता रहे और भक्ति कभी कमजोर न पड़े।कथा में राजा परीक्षित के जन्म का भी वर्णन किया गया, जो उत्तरा के गर्भ से जन्मे थे। इसके साथ ही कलयुग के आगमन का प्रसंग बताते हुए महाराज जी ने कहा कि जब कलयुग ने राजा परीक्षित से निवास के लिए स्थान मांगा, तब राजा ने उसे पांच स्थान दिए—जहां जुआ खेला जाता हो, मदिरापान होता हो, जीव-जंतुओं का वध होता हो, वेश्यावृत्ति होती हो और जहां सोने का अत्यधिक लोभ हो।भागवत कथा के दौरान श्रद्धालु इतने भावविभोर हो गए कि कई लोगों की आंखों से आंसू छलक पड़े। पंडाल में बार-बार भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। संगीतमय कथा में ढोलक पर यशपाल इटावा और ऑर्गन पर संजय उन्नाव ने भी अपने संगीत से भक्तों को भक्ति के रस में डुबो दिया।कथा के अंत में भागवताचार्य ने प्रबल जी महाराज ने ब्यास फीठ आयोजकों और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए निर्मल टेंट हाउस को निःशुल्क टेंट व्यवस्था के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही मंदिर निर्माण कराने वाले गोलोकवासी रामावतार पांडे को स्मरण करते हुए कहा कि ऐसे पुण्य कार्य हर किसी के भाग्य में नहीं होते। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि समाज में ऐसे देवस्वरूप लोग जन्म लेते रहें और सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करते रहें।

## घर में घुसकर मां बेटे को लाठी डंडों से पीटा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र में घर में घुसकर युवक और उसकी वृद्ध मां पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कई लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। उस्मान गांव में एक युवक और उसकी वृद्ध मां पर घर में घुसकर हमला कर दिया गया। हमलावरों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दोनों को घायल कर दिया। पीड़ित युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह और उसका भाई बीएसएनएल में काम करते हैं और महाराष्ट्र में तैनात हैं, इसलिए कई महीनों तक घर नहीं आ पाते। घर पर उनकी वृद्ध मां शकुंतला देवी अकेली रहती हैं।पीड़ित के अनुसार 12 मार्च की सुबह गांव के आमीन पुत्र मेहंदी हसन, इरफान उर्फ गरी के साले, माशूक पुत्र अलीशेर, गुड्डू पुत्र मुंड और एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर के सामने कई बार चक्कर लगा रहे थे और अभद्र टिप्पणियां करते हुए गाली-गलौज कर रहे थे। बरामदे में बैठी मां शकुंतला देवी ने बाहर आकर उन्हें समझाया कि घर में महिलाएं अकेली रहती हैं, इसलिए ऐसी हरकतें न करें। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर आरोपी कुछ देर बाद लाठी-डंडे लेकर जबरन घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी।शोर सुनकर जब युवक बाहर आया तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया। आरोप है कि आमीन ने पीछे से युवक के सिर पर लाठी से वार किया, जिससे उसका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर करीब 70 मीटर दूर अपने चाचा के घर पहुंचा और वहां शरण ली। आरोप है कि हमलावर वहां तक उसका पीछा करते हुए पहुंचे और जान से मारने की धमकी देते रहे। इस दौरान आरोपियों ने उसकी वृद्ध मां के साथ भी मारपीट की, जिससे उनके कंधे में गंभीर चोट आई और हड्डी टूट गई।घटना की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद सभी आरोपी धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पीड़ित का दावा है कि पूरी घटना पास के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## रमजान माह के अंतिम जुमे पर पुलिस बल ने किया भ्रमण

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। रमजान माह के अंतिम जुमे जुम्मतुल विदा के मौके पर कस्बे सहित आसपास के गांवों की मस्जिदों में अकीदतमंदों ने बड़ी संख्या में नमाज अदा की। इस दौरान क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए ट्रेनी आईपीएस संचित शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने कस्बे में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

सय्यदवाड़ा स्थित मस्जिद में नमाज से पहले संबोधित करते हुए मौलाना इफ्तिखार हुसैन ने कहा कि रमजान का महीना इंसान को पूरे साल इबादत और नेक कामों की आदत सिखाता है। उन्होंने कहा कि रमजान में सिर्फ रोजा और नमाज ही इबादत नहीं है, बल्कि इंसान की आदतें और व्यवहार भी ऐसे होने चाहिए जिससे वह बेहतर इंसान बन सके। उन्होंने लोगों से गरीबों की मदद करने और किसी कमजोर पर हो रहे जुल्म का विरोध करने की अपील की। मौलाना ने कहा कि जुल्म के खिलाफ आवाज न उठाना भी जालिम का साथ देना होता है।उन्होंने यह भी कहा कि रमजान में जो अच्छी आदतें अपनाई जाती हैं, उन्हें पूरे साल बनाए रखना चाहिए। इस दौरान उन्होंने जुम्मतुल विदा की अहमियत पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।कस्बे की अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। कुदरत उल्लाह शाह मस्जिद में हाफिज फुरकान, मखदूम शाह मस्जिद में हशमत उल्ला, खादिम शाह सफी मस्जिद में जाहूरुल हसन, मदीना मस्जिद में मोहम्मद हारिस, वस्सन मियां मस्जिद में मौलाना ताहा और पीर मियां सराय में सादुल हक ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा जमालनगर, गैर एहतमाली, उनवा, पीखी और मुस्तफाबाद सहित आसपास के गांवों में भी अकीदतमंदों ने नमाज अदा की।नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को रमजान माह की सफल इबादतों की मुबारकबाद दी।

सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से ट्रेनी आईपीएस संचल शर्मा, सीओ सोनम सिंह और एसओ एसएन त्रिपाठी क्षेत्र व कस्बे में भ्रमण शील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## सम्पादकीय

# जमाखोरी पर कड़ी नजर से ही जरूरतमंद को मिलेगी गैस

देश में इन दिनों कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराती जा रही है। कई राज्यों में सप्लाई पर रोक लगाने से होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट्स और हॉस्टलों के सामने गैस का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे हालात में सबसे बड़ी चिंता यह है कि कहीं गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी न बढ़ जाए। अगर समय रहते सरकार ने इस पर सख्त निगरानी नहीं रखी तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि गैस की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गैस वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंच सके। गैस की किल्लत का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव माना जा रहा है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़े टकराव के कारण हॉर्मुज जलमार्ग से गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। यह मार्ग विश्व के ऊर्जा व्यापार का एक महत्वपूर्ण रास्ता है और इसके बाधित होने से कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ता है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा है। इसी वजह से देश में एलएनजी की आपूर्ति प्रभावित हुई और गैस वितरण व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। इस स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। रसोई गैस (एलपीजी) और पाइप से मिलने वाली गैस (पीएनजी) को 100 प्रतिशत उपलब्धता के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी और उर्वरक संयंत्रों को भी प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि इनका संबंध सीधे आम लोगों की जरूरतों और कृषि उत्पादन से है। गैस वितरण और प्रबंधन की जिम्मेदारी भी गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को दी गई है। इसका असर कॉमर्शियल गैस उपभोक्ताओं पर भी पड़ रहा है। होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और छोटे उद्योग गैस की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में इन्हें भी प्राथमिकता वाले क्षेत्र में रखा जाना चाहिए। दरअसल, होटल और ढाबे सिर्फ व्यापार नहीं हैं, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका से जुड़े हुए हैं। इनसे जुड़े रसोइयों, वेटरों, डिलीवरी कर्मियों और अन्य कर्मचारियों की रोजी-रोटी इसी पर निर्भर करती है। यदि गैस की कमी के कारण यह कारोबार ठप पड़ता है तो इसका असर सीधे रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। ऐसे संकट के समय में सबसे बड़ा खतरा जमाखोरी और कालाबाजारी का होता है। इतिहास गवाह है कि जब भी किसी जरूरी वस्तु की कमी होती है तो कुछ लोग इसका अनुचित लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन गैस की किल्लत के समय भी यही हुआ था। कई जगहों पर जमाखोरों ने ऑक्सीजन सिलेंडरों को छिपाकर रखा और जरूरतमंदों से मनमाने दाम वसूले। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने 'आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955' लागू किया है। इस कानून के तहत सरकार किसी भी जरूरी वस्तु की सप्लाई और कीमतों को नियंत्रित कर सकती है तथा जमाखोरी पर रोक लगा सकती है। गैस की मौजूदा स्थिति में यह कदम बेहद जरूरी है, लेकिन केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं होगा। इसका सख्ती से पालन भी सुनिश्चित करना होगा। सरकार को चाहिए कि गैस एजेंसियों, गोदामों और वितरण केंद्रों की नियमित निगरानी की जाए। यदि सरकार जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त नजर रखे, वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए और सभी क्षेत्रों की जरूरतों के बीच संतुलन स्थापित करे, तो इस संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। तभी यह सुनिश्चित होगा कि गैस वास्तव में उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।



जल संयंत्र
प्रमोद भार्गव

# खाड़ी देशों में पानी पर हमले से संकट

> ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट केशम द्वीप स्थित एक खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों ने बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। चिंता की बात यह है कि खाड़ी देशों की बड़ी आबादी शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है।

ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट केशम द्वीप स्थित एक खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों ने बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। इस परिप्रेक्ष्य में चिंता की बड़ी बात है कि खाड़ी देशों की आबादी की बड़ी संख्या पीने के शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है। अतएव इन पर आक्रमण समूचे खाड़ी क्षेत्र में भयावह जल संकट पैदा कर सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा था कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा।

अब पूरे मध्य एशिया में जो युद्ध की भयानक स्थिति देखने में आ रही है, उससे लगता है पानी के लिए युद्ध छिड़ गया है। पानी की सुरक्षा को सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि खाड़ी के देशों ने अपने समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले संयंत्रों को तेल प्रतिष्ठानों से कहीं अधिक बड़ी सुरक्षा दे दी है। यहां तक की ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। संयंत्रों के साथ बिजली घर भी जुड़े होते हैं। ऐसे में विद्युत ढांचों पर हमले भी पानी के उत्पादन को प्रभावित कर सकते हैं। यदि किसी बड़े संयंत्र को गंभीर नुकसान होता है तो कई नगर कुछ ही दिनों में पेयजल संकट से जूझ जाएंगे। इस कारण ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। अमेरिका और इजराइल ने लड़ाकू विमानों लेबनान की राजधानी तेहरान में केमिकल टॉक्सिक बमों से भीषण हमला किया है। इस कारण तेहरान के 30 बड़े तेल भंडार तबाह हो गए हैं। तेहरान आग की लपटों से धधक उठा है। बादल धुएं से भर गए हैं। टॉक्सिक हाइड्रो कार्बन और सल्फर से तेहरान में तेल की अम्लीय बारिश देखी गई। प्राकृतिक जल की सतहों पर तेल की परत जम गई है, ऐसे में नए हमले होते हैं तो यह तेल जल उठेगा। इस कारण 90 लाख की आबादी वाले तेहरान में अघोषित कर्फ्यू के हालात बन गए हैं। दूषित पानी हो जाने के कारण सप्लाई ठप है। बिजली भी बंद कर दी गई है। ये बम लेबनान में ईरान समर्थक आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के ठिकानों पर पटके गए हैं। इन टॉक्सिक बमों में घातक रसायन होते हैं। ये फसलों को बर्बाद करने के साथ पानी को भी पूरी तरह दूषित कर देते हैं। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, ओमान कतर जैसे खाड़ी देशों में 90 फीसदी समुद्री खारे पानी को मीठे में बदलकर आपूर्ति जल संयंत्रों से की जाती है। 10 बड़े जल संयंत्रों को ईरान निशाना बना सकता है।

एक पुराने अमेरिकी कूटनीति दस्तावेज में चेतावनी दी गई थी कि यदि सऊदी अरब के जुबेल जल संयंत्र और उसकी पाइपलाइन को नुकसान होता है तो राजधानी रियात को एक सप्ताह के भीतर खाली करना होगा। हालांकि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात



ने अपने तलाबों और सप्लाई लाइन में बड़ा निवेश किया हुआ है। इसलिए वह जल संकट का सामना एक बार कर सकता है, किंतु बहरीन, कतर और कुवैत जैसे छोटे देशों के पास वैकल्पिक साधन कम हैं। इसलिए इन देशों के संयंत्र लड़ाई में प्रभावित हुए तो पानी के लिए घरेलू स्तर पर भी जंग छिड़ सकती है। ईरान के लिए यह अच्छी बात है कि वे खुद जल संयंत्रों पर अधिक निर्भर नहीं है। ईरान में ज्यादातर पेयजल की सप्लाई नदियों, बांधों और भूगर्भीय जल से होती है, इसलिए वह सीमित समय के लिए संकट झेलने में सक्षम है, लेकिन कई साल से सूखे के चलते तेहरान के तालाबों का पानी खतरनाक स्तर तक घट गया है। इजराइल भी समुद्र के खारे पानी को मीठा बनाने की तकनीक पर निर्भर है। इस परिप्रेक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2050 तक जब विश्व की 40 फीसदी आबादी जल संकट भोग रही होगी, तब भी इजराइल में पीने के पानी का संकट नहीं होगा। इजराइल न सिर्फ हथियारों, बल्कि पानी के मामले में भी महाशक्ति बनकर उभरा है। इजराइल में तेल अवीव के डोर तट पर समुद्र के पानी को तत्काल पीने लायक बनाने वाले संयंत्र लगे हुए हैं। ये संयंत्र 'गेलमोबाइल वॉटर फिल्ट्रेशन प्लांट' कहलाते हैं। यह चलित फिल्टर प्लांट है। कई संयंत्र जीपों पर भी स्थापित हैं। इन्हें 'फ्यूचर जीप' कहते हैं। प्राकृतिक या युद्ध संबंधी आपदा के वक्त यह संयंत्र बेहद उपयोगी हो जाता है। इसे संकटग्रस्त इलाकों में पहुंचाकर लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा दी जाती है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी में डूबा हुआ है। 1.6 प्रतिशत पानी धरती के नीचे है और 0.001 फीसद वाष्प और बादलों के रूप में है। पृथ्वी की सतह पर जो पानी है, उसमें 97 प्रतिशत सागरों और महासागरों में है, जो नमकीन होने के कारण पीने लायक नहीं है। कुल उपलब्ध पानी में से केवल तीन प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है। इसमें से 2.4 फीसदी हिमखंडों के रूप में उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा हुआ है। भूगर्भीय जल भण्डारों का बेइंतहा दोहन करने और शुद्ध पानी के प्राकृतिक भण्डारों के ऊपर बहुमंजिला इमारतें खड़ी किए जाने से दुनिया के जल भंडार सूख रहे हैं। भारत में मुंबई, चैन्नई, कोलकाता, गोवा, बापी, दमन, तिरूवनतपुरम, पुरी, एर्नाकूलम, कोझीकोड, रत्नागिरी और विजयनगर जैसे नगरों का भूजल समाप्त होने की स्थिति में है। इनमें सबसे बुरा हाल मुंबई का है।

मुंबई में जिस तेजी से जल दोहन किया जा रहा है, उससे लगता है कि 2030 तक मुंबई के मीठे पानी के जल भण्डार रीत जाएंगे। यहां वर्षा का जो पानी जमीन सोखती है, वह एक निश्चित सीमा तक पहुंच पा रहा है। इसी के नीचे समुद्री क्षार वाला पानी बह रहा है, जो खारा है। ये सभी नगर समुद्र किनारे बसे हैं, लेकिन खाड़ी देशों की तरह खारे पानी को मीठा बनाने के संयंत्र स्थापित करने में कोई नगर आगे नहीं आया है। जमीन की भीतरी बनावट ऐसी होती है कि बारिश का पानी एक निर्धारित सीमा तक ही जमीन में तैरता रहता है, जो कि प्रसंस्कृत होकर नीचे पीने के योग्य अपने आप बनता रहता है। ज्यादा खुदाई के बाद समुद्र किनारे बसे ज्यादातर महानगरों में खारा पानी आ जाता है, क्योंकि वह समुद्री जल स्तर से प्रभावित होने लगता है। यह खतरा भूमण्डल का तापमान लगातार बढ़ते जाने से और बढ़ गया है। नए अध्ययनों से पता चलता है कि पश्चिमी अंटार्कटिक में बिछी बर्फ की पट्टी बहुत तेजी से पिघल रही है। यह पानी समुद्री जल को बढ़ा रहा है। इस कारण एक ओर तो बांग्लादेश और मार्शल द्वीपों पर डूब जाने का आसन्न खतरा मंडरा रहा है, वहीं समुद्री रिहाइशी इलाकों का पीने योग्य पानी खारे पानी में विलय हो जाने का खतरा है। ऐसे में ईरान-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध ने समुद्र तटीय खाड़ी देशों में पेयजल संकट को गहरा दिया है।

पड़ोस
अखिलेश आर्येन्दु



# नया बदलाव नेपाल-भारत रिश्तों के लिए अहम

कुछ ही दिनों में नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा। संभावना है कि बालेन शाह के नेतृत्व में नेपाल में नई युवा संसद वाला मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण करेगा। नेपाल के इतिहास में पहली बार 99 प्रतिशत सांसद युवा होंगे, जिनमें बालेन शाह की उम्र 35 वर्ष हैं। कहा जा रहा है कि नेपाल में हुए जेन जी आंदोलन की वजह से इस बार की संसद को युवा बना दिया है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड को छोड़कर इस बार कोई भी उम्रदराज नेता नेपाल की संसद में नहीं होगा। इतिहास किस तरह बदलता है और उस देश के लिए किस तरह की तस्वीर पेश कर रहा है, नेपाली संसदीय चुनाव के बाद उभरी तस्वीर को देखकर समझा जा सकता है। नेपाल में इस बार संसदीय इतिहास ही नहीं बदला है बल्कि राजनीति और नेपाल के राजनीतिज्ञों के चेहरे भी बदल गए हैं। यानी नए नेपाल की नई तस्वीर।

नेपाल के लोकतंत्रीय राजनीति के इतिहास में पहली बार हुआ है कि कोई एक दल अपने बूते पर सरकार बना रहा है। गौरतलब है कि 2008 में नेपाल में 239 साल पुरानी नेपाल की राजशाही व्यवस्था के स्थान पर लोकतंत्र कायम हुआ था और देश में नया संविधान 2015 में लागू हुआ। जिन वजहों से राजशाही व्यवस्था को खत्म किया गया था और जिन उद्देश्यों को हासिल करने के उद्देश्य से नया संविधान लागू किया गया था, इसमें किसी भी उद्देश्य को पिछली सरकारें हासिल करने में विफल रहीं थीं। शायद इसी विफलता का परिणाम था नेपाल में सत्ता के प्रति खुला विद्रोह यानी जेन जी आंदोलन। राजशाही खत्म होने के बाद केंद्र में जिन दलों के गठजोड़ से सरकारों का गठन हुआ, उनके कार्यों के प्रति जनता में संतोष और इत्मीनान देखने को नहीं मिला। यानी पिछली सरकारों के प्रति नेपाली जनता के अनुभव कभी अच्छे नहीं रहे। जेन जी आंदोलन के बाद हुए इस पहले चुनाव में पिछली चुनावी तस्वीर को एकदम बदल कर रख दिया है। अब यह तय माना जा रहा है कि स्वतंत्र पार्टी जो पूर्ण बहुमत (138 सीटें पूर्ण बहुमत के लिए चाहिए) से भी अधिक सीटें जीत कर पहली बार अकेले दम पर सरकार का गठन करने जा रही है। अब आरएसपी को जब नेपाली सांसद में पूर्ण बहुमत हासिल हो गया है, नेपाली जनता की उम्मीदों पर ही खरा नहीं उतरना है, बल्कि भारत सहित पड़ोसियों के साथ संतुलन बनाते हुए बेहतर रिश्ते कायम रखना होगा। खासकर भारत के साथ बेहतर पारंपरिक रिश्ते जगजाहिर रहे हैं। प्रधानमंत्री ओली के वक्त जो बहुत अच्छे नहीं थे, उसे भी बेहतर करने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारत के साथ एक संतुलित और पारंपरिक रिश्ते को कायम रखने के लिए भारत सरकार से किस तरह की नीति अपनाई जाए, इस नई सरकार को बेहद संजीदा ढंग से समझना होगा। दरअसल, चीन की लगातार कोशिश रहती है कि वह नेपाल की राजनीति में हर स्तर पर दखल ही न दे, बल्कि अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए भारत के साथ बने पारंपरिक रिश्ते में दरार पैदा कर, अपना उल्लू सीधा करे। चीन में बनी तमाम वस्तुएं नेपाली बाजारों में बेधड़क बिकती हैं। भारत की भी कोशिश रही है कि नेपाल के बाजारों में भारत में बनी ज्यादातर चीजों की खपत हो। ऐसे में नई सरकार को बेहतर संतुलन बनाकर चलना होगा जिससे उसके पड़ोसियों से रिश्ते भी खराब न हों। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसपी के दोनों बड़े नेताओं रबि लामिछाने और बालेन शाह को बधाई ही नहीं दी बल्कि नई सरकार को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले वक्त में दोनों देशों की साझी कोशिशों से भारत और नेपाल के संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। बालेन शाह यदि भारत के साथ सनातन संबंधों को तरजीह देंगे तो इससे भारत के साथ पूर्ण मैत्री संबंध ही नहीं बनेंगे, बल्कि नेपाल के प्रगति, विकास और संबंधों को स्थायित्व देने में एक नई इबारत लिखी जा सकती है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि नेपाल की नई सरकार अपनी ऐतिहासिक चुनावी जीत के रूप में ही नहीं जानी जाएगी, बल्कि भारत के साथ अपने रिश्तों को प्राथमिकता देकर नई ऊंचाई हासिल करने में कामयाब होगी। आरएसपी के घोषणापत्र में नेपाल-चीन इंडस्ट्रियल पार्क परियोजना को हटा दिया गया था।

## संसार की समस्त समस्याओं का निदान अध्यात्मवाद



संकलित
**दर्शन**

वर्तमान की समस्त समस्याओं का एक सहज सरल निदान है, अध्यात्मवाद। यदि शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक जैसे सभी क्षेत्रों में अध्यात्मवाद का समावेश कर लिया जाए, तो समस्त समस्याओं का समाधान साथ-साथ होता चले और आत्मिक प्रगति के लिए अवसर एवं अवकाश भी मिलता रहे। विषयों में सर्वथा भौतिक दृष्टिकोण रखने से ही सारी समस्याओं का सूत्रपात होता है। दृष्टिकोण में वांछित परिवर्तन लाते ही सब काम बनने लगेंगे। आत्म-परिष्कार से संसार परिष्कृत होता चला जाता है। अपने को सुधारने से सारी समस्याओं का समाधान होता चला जाता है। अपने को ठीक कर लेने से आसपास के वातावरण के ठीक बनने में देर नहीं लगती। यह एक सुनिश्चित तथ्य है कि जो अपना सुधार नहीं कर सका, अपनी गतिविधियों को सुव्यवस्थित नहीं कर सका, उसका भविष्य अंधकार मय ही बना रहेगा। इसीलिए मनीषियों ने मनुष्य की सबसे बड़ी बुद्धिमता उसकी आध्यात्मिक प्रवृत्ति को ही माना है। अध्यात्मवाद का व्यावहारिक स्वरूप है, संतुलन, व्यवस्था एवं औचित्य। शारीरिक समस्या तब पैदा होती है, जब शरीर को भोग साधन समझ कर बरता जाता है। आहार-विहार और रहन-सहन को विचार परक बना लिया जाता है। इसी अनौचित्य एवं अनियमितता से रोग उत्पन्न होने लगते हैं और स्वास्थ्य समाप्त हो जाता है। विभिन्न शारीरिक समस्याओं का आसानी से हल निकल सकता है, यदि इस संदर्भ में दृष्टिकोण को आध्यात्मिक बना लिया जाए।

## हर समस्या का समाधान मिलता है समय के साथ



संकलित
**प्रेरणा**

एक लोक कथा है। पुराने समय में किसी गांव में एक व्यक्ति हमेशा परेशानियों में घिरा रहता था। एक दिन निराशा दूर करने के लिए वह अपने गुरु के पास पहुंचा और कहा कि गुरु जी, मेरे दुख बहुत बढ़ गए हैं। कृपया मुझे कोई उपाय बताइए, जिससे मैं खुश रह सकूं। गुरु ने अपने शिष्य से कहा कि पहले तुम्हें यह समझना होगा कि सच्चा सुख किसे कहते हैं। जाओ, गांव में जो सबसे सुखी व्यक्ति है, उसके घर से मुट्ठीभर अनाज लेकर आओ। शिष्य ने गुरु की आज्ञा मानी और गांव में सबसे सुखी व्यक्ति की खोज में निकल पड़ा। शिष्य पूरे गांव में घूमने के बाद भी किसी सबसे सुखी व्यक्ति को नहीं खोज पाया। अंत में वह गुरु के पास लौट आया और सारी बात बताई। गुरु मुस्कराए और बोले कि देखो, लोग हमेशा दूसरों से तुलना करके दुखी होते हैं। हर व्यक्ति के जीवन में समस्याएं होती हैं मगर समय के साथ उनका समाधान भी हो जाता है। अगर तुम सच्चे सुख को पाना चाहते हो, तो दूसरों पर ध्यान मत दो। अपनी बुराइयों और कमजोरियों को सुधारो। शिष्य ने गुरु की बात समझी और धीरे-धीरे अपने जीवन में इसे लागू किया, उसने देखा कि कुछ ही दिनों में उसके जीवन में शांति आ गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है। *-युगलकिशोर साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### जल जीवन मिशन



केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 8.69 लाख करोड़ की लागत से जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी जनकल्याण के प्रति सरकार के कमिटमेंट का प्रतिबिंब है। इससे 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुँचेगा और जल सेवाओं का ऑपरेशन व मेंटेनेंस और अधिक प्रभावी होगी।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### शी बॉक्स पोर्टल



कार्यस्थल पर महिलाओं के विरुद्ध यौन उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान हेतु शी बॉक्स पोर्टल महिलाओं को शिकायतें सहज, सुरक्षित और गोपनीय तरीके से ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा प्रदान करता है।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### अर्थव्यवस्था को नुकसान



पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध हमारी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री में इस पर चर्चा करने का साहस नहीं है। शेयर बाजार गिर रहा है, गैस की कीमतें बढ़ रही हैं, इसका सीधा असर आम आदमी, घरेलू बजट और छोटे व मध्यम व्यवसायों पर पड़ रहा है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### गैस-तेल की किल्लत



शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को छोड़कर, बाकी सभी कमर्शियल संस्थानों को एलपीजी गैस की सप्लाई बंद कर दी गई है। केवल घरेलू उपयोग के लिए गैस दी जाएगी। आने वाले दिनों में गैस और तेल की स्थिति और खराब होने के आसार हैं।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

### सैन्य अभ्यास से चुनौती दी तो भयानक परिणाम भुगतने पड़ेंगे

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने ईरान में जारी जंग के बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सालाना संयुक्त सैन्य अभ्यास की कड़ी आलोचना की है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया 'वारियर शील्ड' नाम का फील्ड ट्रेनिंग कार्यक्रम भी चलाते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक सुरक्षा के इस खतरनाक समय में यह अभ्यास क्षेत्र की स्थिरता को नुकसान पहुंचा रहा है। मंगलवार को जारी किए गए बयान में किम यो जोंग ने चेतावनी दी कि उत्तर कोरिया की सुरक्षा को कोई भी चुनौती देने पर 'भयानक परिणाम' भुगतने पड़ेंगे। बता दें कि सोमवार को अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने अपना 11 दिन का 'फ्रीडम शील्ड' अभ्यास शुरू किया था



## ऑफ बीट

### महर्षि दुर्वासा की तपोभूमि है श्री दुर्वेश्वर महादेव

देवभूमि हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला शहर से लगभग दस किलोमीटर दूर नड्डी के समीप डल क्षेत्र में स्थित श्री दुर्वेश्वर महादेव मंदिर ऐसा ही एक पावन तीर्थ है, जहां श्रद्धा, इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य एकाकार हो उठते हैं। मंदिर के ठीक सम्मुख स्थित शांत जलराशि से युक्त डल झील इस स्थल की आध्यात्मिक आभा को और भी गहन बना देती है। मान्यता है कि प्राचीन काल में महर्षि दुर्वासा ने इसी तपोभूमि पर कठोर साधना की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें वरदान मांगने को कहा। महर्षि ने अपने लिए कुछ नहीं मांगा, बल्कि जनकल्याण की भावना से तपस्थली के समीप जल की व्यवस्था का वर चाहा।



## संक्षेप

### 308 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण ने दिया आशीर्वाद, डीएम-एसपी रहे मौजूद**

अमेठी , समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 308 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। यह आयोजन विकास भवन के पास किया गया था, जिसमें जिले के सभी 13 ब्लॉकों के जोड़े शामिल हुए।इन 308 जोड़ों में से 20 मुस्लिम जोड़ों का निकाह मौलवी ने पढ़ाया, जबकि 288 हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हिंदू रीति-रिवाजों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री और तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, सीडीओ सचिन सिंह, तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।विवाह के बाद सभी जोड़ों को शासन द्वारा निर्धारित आभूषण और अन्य आवश्यक सामान सौंपे गए। राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने इस दौरान कहा कि मुख्यमंत्री की इस पहल से गरीब परिवारों की बेटियों की शादी हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि दिए गए सभी सामान अच्छी गुणवत्ता के हैं।

### शुकुल बाजार में शिक्षा-स्वच्छता पर मंथन

**एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में विधायक, शिक्षक, प्रधान ने किया प्रतिभाग**

अमेठी , शुकुल बाजार स्थित बीआरसी प्रांगण में बुधवार को शिक्षा और स्वच्छता पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।इसमें क्षेत्र के विधायक सुरेश पासी, शिक्षक, ग्राम प्रधान और स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्षों ने विद्यालयों के विकास और विद्यार्थियों के भविष्य पर गहन चर्चा की। कार्यशाला में बताया गया कि क्षेत्र के 115 विद्यालयों में पढ़ रहे लगभग 14 हजार विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए 19 मानक बिंदुओं पर विद्यालयों को संतृप्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भविष्य में ऐसे विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की योजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान 'डेटॉल बनेगा स्वच्छ इंडिया' संस्था ने विद्यालयों को स्वच्छता सामग्री उपलब्ध कराई।इसका उद्देश्य स्कूलों में साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सुविधाओं पर जोर दिया गया। इनमें विद्यार्थियों के लिए जूता-मोजा, ड्रेस, डिजिटल लाइब्रेरी, वाटर कूलर और शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर सहमति बनी कार्यक्रम में विधायक सुरेश पासी के साथ खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र शुक्ला, शिक्षकगण, एसएमसी अध्यक्ष, सचिव और ग्राम प्रधान उपस्थित थे। एआरपी अजय त्रिपाठी, राहुल पांडे और विक्रमादित्य ने भी कार्यशाला में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों को बेहतर बनाना, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और स्वच्छता के साथ विकास की नई मिसाल कायम करना था

# यूपीएससी परीक्षा में सफल हुई रोली मदेशिया का मिहीपुरवा आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**यूपीएससी में 457वीं रैंक हासिल करने पर क्षेत्र खुशी का माहौल**

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के प्राकृतिक वास के नगर पंचायत मिहींपुरवा निवासी रोली मदेशिया ने यूपीएससी में सफलता प्राप्त की शुक्रवार को रोली के प्रथम आगमन पर ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया गया। देश की प्रतिष्ठित लोक सेवा आयोग यूपीएससी 2025 में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली मिहीपुरवा की बेटी रोली मदेशिया का शुक्रवार को कस्बे में प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। कस्बे के लोगों, शिक्षकों और युवाओं ने मंडी गेट पर एकत्र होकर फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकालकर खुशी का इजहार किया।मिहीपुरवा निवासी संतोष मदेशिया की पुत्री रोली मदेशिया ने यूपीएससी 2025 की परीक्षा में 457वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।उनकी इस उपलब्धि से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है।शुक्रवार को जैसे ही रोली मदेशिया मिहीपुरवा पहुंचीं, बड़ी संख्या में लोग मंडी गेट पर उनका स्वागत करने के लिए जुट गए। लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर और गगनभेदी नारों के साथ उनका स्वागत किया।इसके बाद ढोल-नगाड़ों की धुन पर एक विशाल जुलूस निकाला गया, जो कस्बे के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। जुलूस के दौरान लोगों ने ह्लरोली मदेशिया जिंदाबादह्व और ह्लमिहीपुरवा की बेटी का सम्मानह्व जैसे नारे लगाकर अपनी खुशी व्यक्त की। रोली मदेशिया ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मिहीपुरवा में ही प्राप्त की है। उन्होंने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई सर्वोदय इंटर कॉलेज मिहीपुरवा से पूरी की। अपनी पूर्व छात्रा की इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रोली मदेशिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को भी अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। रोली मदेशिया की इस उपलब्धि से पूरे मिहीपुरवा क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। रोली के स्वागत के लिए काफी संख्या में लोग जगह-जगह पुष्प वर्षा करते हुए दिखाई दिए।

# रुपईडीहा सहित क्षेत्र में अकीदत व एहतराम के साथ अदा की गई अलविदा की नमाज

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमा से सटे नगर पंचायत रुपईडीहा तथा आसपास के क्षेत्रों में पाक रमजान उल मुबारक के आखिरी जुमा पर जुमा-तुल-विदा (अलविदा) की नमाज अकीदत, मोहब्बत और एहतराम के साथ अदा की गई। इस मुबारक मौके पर कस्बे की सभी मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदारों और नमाज़ियों की मौजूदगी रही। रमजान के इस मुकद्दस महीने के आखिरी जुमा को लेकर मुस्लिम समुदाय में विशेष उत्साह और धार्मिक भावनाएँ देखने को मिलीं। सुबह से ही नमाज़ियों का मस्जिदों की ओर आना शुरू हो गया था। रुपईडीहा की जामा मस्जिद सहित विभिन्न मस्जिदों में तय वक़्त पर जुमा-तुल-विदा की नमाज अदा की गई, जहाँ इमामों ने रमजान की फजीलत, इबादत की अहमियत और इंसानियत, अमन-ओ-भाईचारे का पैगाम दिया। इस दौरान नगर पंचायत रुपईडीहा के साथ-साथ आसपास के कई गांवों से भी बड़ी तादाद में लोग मस्जिदों में पहुँचे और अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाकर मुल्क में अमन-ओ-सुकून, तरक़्की और खुशहाली के लिए दुआएँ माँगीं। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर रमजान के इस मुबारक जुमा की मुबारकबाद दी। कुल मिलाकर भारत-नेपाल सीमावर्ती कस्बा रुपईडीहा में पाक रमजान उल मुबारक के आखिरी जुमा की नमाज बेहद खुशगवार और रूहानी माहौल में अदा की गई, जहाँ हर तरफ इबादत, अकीदत और भाईचारे की फिजा देखने को मिली।

इस मौके पर रूपईडीहा पुलिस मुस्तैदी के साथ सभी जगहों पर मौजूद रहकर पुरसुकून माहौल में सुरक्षा का एहसास कराते हुए अलविदा की नमाज को संपन्न कराया।

# त्रिभुवन दत्त की पुण्यतिथि पर लगाया गया निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच।विकास खंड नवाबगंज के प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय चौधरी त्रिभुवन दत्त वर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में श्री त्रिभुवन सेवा संस्था द्वारा सेवा, समर्पण,सद्भाव के उद्देश्य के साथ निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर एवं अतिथिजनो का स्वागत करके हुआ।शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुँचकर नेत्र जांच एवं परामर्श का लाभ प्राप्त किया। चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। जिन मरीजों को आगे उपचार अथवा ऑपरेशन की आवश्यकता पाई गई, उनके लिए भी निःशुल्क व्यवस्था सुनिश्चित की गई।संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह शिविर स्वर्गीय चौधरी त्रिभुवन दत्त वर्मा की स्मृति को समर्पित है।उनके आदर्शों और समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर संस्था द्वारा समय-समय पर ऐसे जनसेवा के कार्य आयोजित किए जाते हैं।अंत में संस्था के सदस्यों ने स्वर्गीय चौधरी त्रिभुवन दत्त वर्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार




बाबागंज, बहराइच। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय दजीर्पुरवा में वार्षिकोत्सव व सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्षेत्र के दर्जनों सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नानपारा विधायक राम निवास वर्मा विशिष्ट अतिथि बीईओ राधेश्याम वर्मा व ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह रहे।अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। अतिथियों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को अंगवस्त्र, माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस मौके पर विधायक श्री वर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं और उनके अनुभव से नई पीढ़ी को नई दिशा मिलती है।वही बीईओ राधेश्याम वर्मा नें कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होते हैं, सेवाकाल में रहते हुए वह बच्चों को शिक्षा और संस्कार देते हैं तो अवकाश ग्रहण के पश्चात अपने अनुभवों के आधार पर समाज का मार्गदर्शन करते हैं। वह राष्ट्र निमार्ता हैं, इसीलिए गुरू की उपाधि माता-पिता से भी बढ़कर बताई गई है।अन्य वक्ताओ ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और शिक्षकों के आदर्शों का पालन करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लखैया की प्रधान लक्ष्मी देवी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पंकज वर्मा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, डिप्टी रेंजर संभू यादव, हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक आरके सिंह (राजू भैया), प्राचार्य निरंजन प्रसाद पांडेय मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल चौधरी व स्टाफ के सहयोग से संपन्न हुआ। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों व आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कैसरगंजः गैस एजेंसियों पर प्रशासन सख़्त, एसडीएम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह ने जरवल कस्बा स्थित भारत गैस कार्यालय का औचक निरीक्षण कर गैस वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गैस सिलेंडरों के मौजूदा स्टॉक, वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को हो रही आपूर्ति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार और गुणवत्तापूर्ण गैस वितरण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को सख़्त हिदायत दी कि किसी भी प्रकार की जमाखोरी, कालाबाजारी या अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ कठोर एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि त्योहारों और बढ़ती मांग को देखते हुए गैस की आपूर्ति सुचारु बनाए रखना एजेंसियों की जिम्मेदारी है, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासन द्वारा समय-समय पर गैस एजेंसियों की जांच कर वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।



# वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरा जलवा

अमन लेखनी समाचार




बहराइच।शुक्रवार को परिषदीय प्राथमिक विद्यालय बेरिया विकासखंड चित्तौरा में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्र के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा विविध प्रकार के सामाजिक बुराइयों कों दूर करने, शिक्षा से संबंधित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी है अनमोल रत्न ,पढ़ने का कुछ करो जतन जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत कर बालिका शिक्षा पर ध्यान देने हेतु अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही देश राष्ट्र से संबंधित अनेक कार्यक्रम देश रंगीला, आजादी की खुली हवा का भी प्रस्तुती करण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका शशि लता सिंह ने किया। कार्यक्रम में विकासखंड चित्तौरा के एआरपी कुमार अभय, सुरेश कुमार यादव , पूर्व एबीआरसी राजेश कुमार मिश्र, ओंकार नाथ कौलिया,सहायक अध्यापक सुनील कुमार कनौजिया, शिक्षा मित्र रमा विश्वास, बेनजीर हैदर,एजुकेट गर्ल संस्था से कुमारी प्रिया वर्मा, कार्यकत्री बेबी सोनी, प्रधान रंजीत दास, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष अलोक वर्मा सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे

# गैस का संकटःहोटलों के बुझे तंदूर

**500 रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर**

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़,इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध की तपिश अब अलीगढ़ के जायके तक पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के चलते कॉमर्शियल गैस सिलिंडरों की सप्लाई में आई भारी कमी ने शहर के होटल और रेस्टोरेंट कारोबार की कमर तोड़ दी है। आलम यह है कि शहर के करीब 500 से अधिक छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों ने अपने यहां तंदूर, कड़ाही और ग्रिल से बनने वाले व्यंजनों को बनाना बंद कर दिया है। संचालकों का कहना है कि यदि जल्द ही स्थिति सामान्य नहीं हुई, तो उन्हें अपने होटल और रेस्टोरेंट पूरी तरह बंद करने पड़ सकते हैं।व्यापार का ऑपरेशनल चक्र बिगड़ा अलीगढ़ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के महामंत्री विवेक बगई ने इस संकट को उद्योग की रीढ़ पर हमला बताया है। उन्होंने कहा कि गैस की कमी का असर केवल खाने के स्वाद तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे पूरे व्यापार का ऑपरेशनल चक्र बिगड़ गया है।

**गैस न होने से कच्चे उत्पाद हो रहे खराब**

तंदूर और ग्रिल वाले व्यंजनों के बंद होने के साथ-साथ अब दाल पकाने, ग्रेवी उबालने और स्टॉक बनाने जैसे बुनियादी काम भी प्रभावित हो रहे हैं। गैस न होने के कारण भारी मात्रा में सब्जियां और मीट जैसे कच्चे उत्पाद खराब हो रहे हैं, जबकि संचालकों को स्टाफ की सैलरी, बिजली बिल और दुकान का किराया अपनी जेब से भरना पड़ रहा है। गैस की कालाबाजारी की शिकायत इस किल्लत के बीच शहर में गैस की कालाबाजारी की शिकायतों ने भी जोर पकड़ लिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानव महाजन और सेंटर पॉइंट व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने अपर जिलाधिकारी नगर किंशुक श्रीवास्तव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। गैस एजेंसियों के स्टॉक रजिस्टर चेक करने की मांग कारोबारियों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व इस संकट का फायदा उठाकर कृत्रिम कमी पैदा कर रहे हैं ताकि गैस सिलिंडरों को ऊंचे दामों पर बेचा जा सके। उन्होंने मांग की है कि गैस एजेंसियों के स्टॉक रजिस्टर की जांच की जाए और वितरण व्यवस्था प्रशासन की सीधी निगरानी में हो।



# गैस सिलेंडर की किल्लत नहीं

**सर्वर समस्या से ओटीपी में देरी, उपभोक्ता परेशान; विभाग ने समाधान का दावा किया**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है, लेकिन सर्वर संबंधी समस्या और ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) न आने के कारण उपभोक्ताओं को सिलेंडर प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई उपभोक्ता चार-चार दिनों से गैस एजेंसियों के बाहर ओटीपी का इंतजार कर रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि सर्वर की दिक्कत ठीक कर दी गई है और जिले में पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।उपभोक्ता अपनी गैस बुकिंग के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त करने में लगातार समस्या का सामना कर रहे हैं। इस तकनीकी खराबी के कारण उन्हें सिलेंडर लेने के लिए बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उन्हें काफी असुविधा हो रही है दरअसल, खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के बाद एलपीजी सिलेंडर की कमी की अफवाहें फैल गईं। इसके चलते बड़ी संख्या में उपभोक्ता अपने सिलेंडर रिफिल कराने के लिए गैस एजेंसियों पर उमड़ पड़े। बुकिंग प्रक्रिया में ओटीपी अनिवार्य होने के कारण सर्वर पर दबाव बढ़ गया और यह समस्या उत्पन्न हुई।जिले में कुल 32 गैस एजेंसी संचालक हैं और प्रतिदिन लगभग 5700 से 5800 गैस सिलेंडरों की खपत होती है। जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत ने बताया कि जिले में गैस का पर्याप्त स्टॉक है, जो अगले दो दिनों के लिए पर्याप्त है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ओटीपी से जुड़ी समस्या को रात में ही ठीक कर दिया गया है। अधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने जोर देकर कहा कि अनावश्यक रूप से कुछ लोग अफवाहों के चलते समस्या पैदा कर रहे थे, जो गलत है। विभाग सभी उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बकाया रुपये के लिए हुई थी टैक्सी चालक की हत्या

**हिसाब करने के लिए बुलाया फिर 2 गोली मारी, पहले भी 2 बार की थी कोशिश**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , टैक्सी चालक आशिक अली हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले के मुख्य आरोपी सपा नेता सद्दाम हुसैन को चौखड़ा पुल के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी सद्दाम हुसैन पर पहले से ही हत्या और धोखाधड़ी सहित तीन मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पुलिस लाइन स्थित साईं कॉम्प्लेक्स में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूरे मामले का खुलासा किया। भाई की तहरीर पर अज्ञाप पर हुआ था केस एसपी के अनुसार, नगर कोतवाली क्षेत्र के अचलपुर निवासी आशिक अली का शव सोमवार देर रात चौखड़ा जंगल में गोली लगी हालत में मिला था। मृतक के भाई समीर और चाचा को मोबाइल फोन पर घटना की सूचना मिली थी। समीर अपने पड़ोसियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, जहां पुलिस पहले से मौजूद थी। पुलिस ने मृतक के भाई समीर की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मामले के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक ने तीन टीमों का गठन किया था। खुद को सपा का कार्यकर्ता बताता था जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी सद्दाम हुसैन खुद को समाजवादी छात्र सभा का राष्ट्रीय सचिव बताता है। उसने वारदात से पहले अपना मोबाइल फोन घर पर छोड़ दिया था ताकि उसकी लोकेशन ट्रेस न हो सके।

# गैस सिलेंडर की किल्लत

**कई घंटे लाइन में लगने के बाद मिल रहा सिलेंडर, प्रशासन बोला- कमी नहीं**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध की खबरों के बाद रसोई गैस सिलेंडरों की मांग बढ़ गई है। गैस एजेंसियों पर प्रतिदिन सैकड़ों लोग सिलेंडर लेने के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे भारी भीड़ देखी जा रही है।ग्राहकों को सिलेंडर बुकिंग के लिए एजेंसियों पर करीब 1 से 2 घंटे तक कतार में खड़ा होना पड़ रहा है। हालांकि, इसके बाद उन्हें गोदाम से आसानी से सिलेंडर मिल रहा है। वर्तमान में एक घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 968 रुपये है। कालाबाजारी रोकने के लिए गैस एजेंसी संचालक भी सक्रिय हैं। शिवम गैस एजेंसी के संचालक राजेंद्र तिवारी ने बताया कि युद्ध की खबरों के बाद से गैस सिलेंडर की मांग में वृद्धि हुई है। उनकी एजेंसी पर अब प्रतिदिन लगभग 800 सिलेंडरों की खपत हो रही है, जबकि पहले यह संख्या करीब 600 थी। तिवारी ने स्पष्ट किया कि प्रतापगढ़ में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। ग्राहकों को केवल कुछ समय के लिए लाइन में इंतजार करना पड़ रहा है, जिसके बाद सभी को आसानी से सिलेंडर उपलब्ध हो रहे हैं। प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि जिले में गैस की कोई किल्लत नहीं है और एजेंसियों पर पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध हैं। प्रशासन ने अफवाहों पर ध्यान न देने और आवश्यकतानुसार ही सिलेंडर लेने की सलाह दी है। बाजार में कालाबाजारी रोकने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासनिक टीमें भी सक्रिय हैं।

## संक्षेप

### शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**तीपूरा मोहल्ले में दमकल टीम ने आग पर पाया काबू, घरेलू सामान जलकर राख**

बागपत , केतीपूरा मोहल्ले में शॉर्ट सर्किट के कारण एक मकान में आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में कमरे का अधिकांश हिस्सा उसकी चपेट में आ गया। घटना के समय परिवार के सदस्य घर के दूसरे हिस्से में मौजूद थे। कमरे से धुआं उठता देख परिजनों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे आसपास के कमरों तक फैलने से रोका। आग से कमरे में रखा फर्नीचर, कपड़े, बिस्तर और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। परिवार को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारी घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक

**प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों पर हुई चर्चा, कई पदाधिकारी मौजूद रहे**

बागपत ,भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और कार्यकताओं के प्रशिक्षण को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक मंडल में कार्यकताओं को प्रशिक्षित करने का अभियान चलाएगी। इसके तहत मंडल स्तर पर पदाधिकारियों को प्रवास करना होगा, जिससे कार्यकताओं के साथ संवाद स्थापित कर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाया जा सके ।उन्होंने जानकारी दी कि पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जो लगातार 24 घंटे चलेगा। इस शिविर में कुल सात सत्र होंगे, जिनमें प्रशिक्षित वक्ता कार्यकताओं को पार्टी की नीतियों, विचारधारा और संगठनात्मक कार्यप्रणाली के बारे में मार्गदर्शन देंगे। नीरज शर्मा ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से अपील की कि वे अपेक्षित श्रेणी के सभी कार्यकताओं की भागीदारी इस प्रशिक्षण वर्ग में सुनिश्चित करें, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिल सके। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. कुलप्रकाश ने कहा कि जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा के नेतृत्व में जनपद की सभी तीनों विधानसभाओं में पार्टी को मजबूत करना और आगामी चुनावों में जीत दिलाना सभी कार्यकताओं का लक्ष्य है। उन्होंने संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए मिलकर काम करने पर जोर दिया ।बैठक का संचालन जिला महामंत्री एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सरिता चौधरी, जिला उपाध्यक्षा अनिता खौखर, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, एससी मोर्चा जिला संयोजक आत्मराम मौर्य, व्यापार प्रकोष्ठ सह संयोजक रविंद्र आर्य, सुन्दर धामा, सत्येंद्र मौर्य, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद तोमर, देवेंद्र खौखर, राजीव धामा, डॉ. सतेन्द्र प्रजापति, अमित जैन सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# होली मिलन समारोह में फतेहपुर तथा बुंदेलखंड की फाग टोलियों ने मचाई हलचल

**फायर ब्रिगेड की 15 गाड़ियां पहुंची, 3 घंटे में पाया काबू, लाखों का कपड़ा और कार जले**



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत चांदपुर में स्थित धिरगिज बाबा मंदिर परिसर में समिति के लोगों के द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक सद्भाव एवं वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बांदा जनपद के गाजीपुर चंदवारा गढ़वाल तथा स्थानीय जनपद फतेहपुर के मौहारी दफसौरा मवई चांदपुर समेत लगभग आधा दर्जन फाग टीमों ने पारंपरिक फाग गीतों एवं अन्य प्रेरणादाई गीतों के माध्यम से प्राचीन भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक किया इस दौरान नन्हे बच्चों एवं क्षेत्र के कई युवा गीतकारों ने भी अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों के माध्यम से जन समुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया मंदिर समिति के सभी पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का अभी गुलाल एवं पुष्प वर्षा के साथ स्वागत करते हुए सम्मानित किया इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयंती वर्मा रेखा गुप्ता जिला पंचायत प्रतिनिधि बृजेश पटेल सपा पूर्व जिला अध्यक्ष समरजीत सिंह सपा विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र सिंह अनिल ओमर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी संतोष गुप्ता दीपक वर्मा साहब सिंह गौतम डॉ राम भक्त वर्मा गौरी शंकर शुभम ठाकरे पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह डॉ राहुल सौरभ सिंह अंकित सिंह पवन पांडे धर्मेंद्र सिंह अनिल सिंह विपिन सिंह गोलू सिंह अंकुर शुक्ला समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के विशाल जनसमुदाय ने मंदिर परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत करते हुए शुभकामनाएं दी

# प्रतिभा अलंकरण समारोह में पुरस्कृत हुए नवनिहाल

**गोरखपुर में एक्स-रे से 48 घंटे तक डॉक्टरों ने नजर रखी, एंडोस्कोपी कर निकाला**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। कस्बे में संचालित ई बाईनरी कंप्यूटर कोचिंग क्लासेस एवं लाइब्रेरी में आयोजित कंप्यूटरीकृत परीक्षा में प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षा जागरूकता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता डा राम भक्त वर्मा एवं संचालन वरिष्ठ कवि कृष्ण कुमार सविता ने किया मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय मदन गोपाल वर्मा के सुपुत्र एवं भाजपा के युवा नेता दीपक वर्मा भाजपा जिला प्रतिनिधि संतोष गुप्ता नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना कर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया मुख्य अतिथि समेत अन्य सभी अतिथियों ने बच्चों को संबोधित कर अपने जीवन काल के अनुभवों को साझा करते हुए कड़ी मेहनत के साथ निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तत्पश्चात कंप्यूटरीकृत परीक्षा की प्रतिभागी छात्रा संध्या शिवानी अंशिका गुप्ता कादिल अयान राखी अंजलि रजनी रौनक समेत लगभग डेढ़ सैकड़ा बच्चों को मेडल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर प्रोत्साहित किया गया ई बाइनरी कंप्यूटर कोचिंग क्लासेज के संचालक सत्यम त्रिवेदी ने सभी अतिथियों को सम्मानित कर उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया तथा बताया कि निर्धन बच्चों को विशेष छूट भी प्रदान की जायेगी कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के संभ्रांत बुजुर्गों एवं मीडिया कर्मियों को भी सम्मानित किया गया इस दौरान संस्था के संरक्षक छोटेलाल त्रिवेदी रामसेवक रेनू त्रिवेदी मुमताज अहमद अरुण पाल सिंह जितेंद्र सिंह कोमल सुमित विजय अभिषेक यादव सलमान आयुष पांडे अर्पित पटेल आर्य कुमार पांडे शुभम ठाकरे नीलम तिवारी तथा

# जेपी ग्रुप में 'एडमिशन कॉन्क्लेव 2026' का आयोजन

**नई एडमिशन सेल का उद्घाटन, बेटियों के लिए विशेष स्कॉलरशिप घोषित**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ। मवाना रोड स्थित जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बुधवार को एडमिशन कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान में नई एडमिशन सेल का उद्घाटन हुआ और बेटियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुरूप पूजा-अर्चना और हवन के साथ हुआ। संस्थान के चेयरमैन डॉ. हरिओम अग्रवाल, श्रीमती संगीता अग्रवाल, श्री अनुराग अग्रवाल और डॉ. विशाल अग्रवाल ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई ।इसके बाद माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर संस्थान परिसर में स्थापित नई एडमिशन सेल का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह सेल आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों को प्रवेश संबंधी जानकारी, मार्गदर्शन और सुविधाएं प्रदान करेगी। संस्थान के एडमिशन डायरेक्टर इंजीनियर हुसैन फिरोज अंसारी ने मंच से उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने संस्थान के शीर्ष प्रबंधन के साथ मिलकर अतिथियों को सम्मानित किया और संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, आधुनिक सुविधाओं तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों की जानकारी दी। जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ डॉ. विशाल अग्रवाल ने समाज में बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्व. श्रीमती कृष्णा अग्रवाल बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ स्कॉलरशिप की घोषणा की।

# भाकियू इंडिया ने गौरव शर्मा को बनाया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**ट्रांसपोर्टर व्यापारियों की बैठक में हुआ संगठन विस्तार**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने मेरठ के गौरव शर्मा को संघ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित संयुक्त व्यापार संघ के पूर्व उपाध्यक्ष एवं मेरठ ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के पिछले 15 वर्षों से अध्यक्ष गौरव शर्मा के कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान मुनेंद्र गुर्जर की अध्यक्षता में संगठन के पदाधिकारीयों एवं मेरठ ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के व्यापारियों की बैठक हुई। इस दौरान सभी ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान मुनेंद्र गुर्जर ने संयुक्त व्यापार संघ के पूर्व उपाध्यक्ष एवं मेरठ ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के पिछले 15 वर्षों से अध्यक्ष गौरव शर्मा को संगठन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता संजीव राणा ने किया। संगठन में आज किए गए नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव शर्मा जी ने ट्रांसपोर्टरों और छोटे व्यापारियों के साथ आ रही समस्याओं के बारे में विस्तार से बात रखी। राष्ट्रीय महासचिव अमित भड़ाना ने सभी ट्रांसपोर्टरों के द्वारा स्वागत किये जाने पर बधाई देते हुए प्रत्येक संघर्ष में मजबूती के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का भरोसा दिया। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोहित बैसला राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा आनंद विकल प्रदेश प्रवक्ता विजय राणा मेरठ जिला अध्यक्ष दीपक राणा आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखें। इस दौरान राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी युवा कुलदीप कुंडा जिला उपाध्यक्ष मेरठ रिंकल यादव करवट कार्यकर्ता सोनू गुर्जर नीरज आहूजा अमित शर्मा अतुल शर्मा रोहित कपूर अंकुर प्रजापति अनीश चौधरी प्रेम सिंह आदि सैकड़ो ट्रांसपोर्टरों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की है।

# मेरठ के होटल में 15 लाख की चोरी का खुलासा

**नशे के आदी युवक ने की वारदात; 25 किमी पैदल चलकर पुलिस को किया गुमराह**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , होटल द कन्वे में ठहरे सीरियल निमार्ता सिद्धार्थ कुमार तिवारी के कमरे में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। यह वारदात नशे के आदी युवक ने मोबाइल चुराने के लालच में की थी। लगभग 500 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद पुलिस आरोपी तक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। खास बात यह रही कि पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी उस रात लगभग 25 किलोमीटर पैदल चला पहले एक नजर डालते हैं वारदात पर सीरियल प्रोड्यूसर सिद्धार्थ कुमार तिवारी 5 मार्च की शाम मेरठ के दिल्ली रोड स्थित कन्वे होटल में रुके। वह अपने नए सीरियल के लिए लोकेशन तलाशने मेरठ आए थे। आधी रात को उनके रूम में चोरी हो गई और चोर लगभग 15 लाख रुपए का सामान समेटकर फरार हो गए। वारदात के बाद लखनऊ तक से फोन घन घनाने लगे। पुलिस ने मुकदमा किया और चोर की तलाश शुरू कर दी एसपी सिटी ने पुलिस लाइन में किया खुलासा एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने वारदात का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि चोरों की तलाश में क्राइम ब्रांच और स्वाट समेत 6 पुलिस टीमें लगाई गई थी ।टीमों का मुख्य फोकस सीसीटीवी कैमरे रहे। 2 दिन के भीतर पुलिस ने आरोपी को चिन्हित कर लिया और उसकरी लोकेशन तलाशने में जुट गई

# ईंधन पर्याप्त, जिलाधिकारी ने अफवाहें खारिज कीं

**कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, टीमें गठित**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , ईंधन की कमी की अफवाहों के बीच जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि जनपद में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भ्रामक सूचनाएं फैला रहे हैं। ऐसे अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ प्रशासन कठोर कार्रवाई करेगा। रविंद्र कुमार मॉंदड़ ने जानकारी दी कि जिले में ईंधन की उपलब्धता पर नजर रखने के लिए चार विशेष टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें गोपनीय तरीके से पेट्रोल पंपों और डीलरों की निगरानी कर रही हैं।

यदि कोई पेट्रोल पंप संचालक या डीलर कालाबाजारी, जमाखोरी या नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने दोहराया कि गाजियाबाद के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है ताकि आम जनता को कोई परेशानी न हो। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या कालाबाजारी की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

# सोने के साथ पकड़े गए सराफ को देनी पड़ी पेनल्टी

**जीएसटी डिपार्टमेंट में 1.97 लाख रुपए कराये जमा, रात भर चली छानबीन**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , भैंसाली मेट्रो स्टेशन पर सोने के साथ रात पकड़े गए सर्राफ भाइयों को 9 प्रतिशत पेनल्टी जमा कराने के बाद छोड़ दिया गया। रात भर दोनों जीएसटी डिपार्टमेंट की टीम के साथ रहे। सुबह 6:00 बजे तक जांच चली, जिसके बाद दोनों को छोड़ दिया गया। पहले एक नजर पूरे मामले पर पंजाब के अमृतसर निवासी अजय और विजय सराफा कारोबारी हैं और सगे भाई हैं। दोनों सोने के जेवर तैयार कर शहर शहर सप्लाई करते हैं। मंगलवार को दोनों मेरठ माल सप्लाई करने आए थे। यहां से मोदीनगर जाने के लिए जैसे ही भैंसाली मेट्रो स्टेशन पहुंचे वहां चेकिंग के दौरान टीम ने पकड़ लिया। नहीं मिला कोई ट्रैवलिंग वाउचर विजय की जेब में सोने वाला पैकेट था जो चेकिंग के दौरान पकड़ा गया था। इसके बाद ररऋ उड राजीव यादव और इंस्पेक्टर सचिन कुमार पहुंच गए। उन्हें पूछताछ की तो पता चला उनके पास सोने से जुड़ा कोई ऋरळ बिल नहीं है। ट्रैवलिंग वाउचर भी उनके द्वारा नहीं बनवाया गया है। इसके बाद ऋरळ डिपार्टमेंट की टीम को फोन कर बुला लिया गया। विजय के सीने में दर्द की हुई शिकायत कुछ देर बाद ही विजय को सीने में जलन और दर्द की शिकायत होने लगी। जैसे तैसे व्यापारियों ने सांत्वना देते हुए उन्हें शांत कराया। विजय की आंख में आंसू तक आ गई ।4 घंटे तक हुई दोनों भाइयों से पूछताछ ऋरळ के जॉइंट कमिश्नर अमित पाठक और ऋरळ के सचल दल 3 की प्रभारी अंकिता पांडेय ने अजय और विजय से पूछताछ की। टीम को उनके पास सोने से जुड़ा कोई वैध कागज नहीं मिला ।कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद रात में ही टीम उन्हें लेकर सरार्फा बाजार पहुंची और शेष कार्रवाई को वह पूरा किया ।1.97 लाख रूपए बनी पैनल्टी टीम ने रात में ही एक सर्राफ की दुकान खुलवाकर सोने का वजन कराया तो वह लगभग 297 ग्राम निकला जो कि 75 टच वाला था ।लौंग और बालियां थी। 29 ग्राम नगीना काटकर बाकी समान पर कैलकुलेशन कर उनसे 6 प्रतिशत की पेनल्टी जमा कराई गईं है जबकि 3 प्रतिशत जीएसटी का बिल था। कुल 9 प्रतिशत का भुगतान 1.97 लाख रूपए जमा करना पड़ा ।महामंत्री बोले- यात्रा में चालान वाउचर साथ रखें मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी रात में ही मामले से जुड़ गए थे। मामला सुलझाने के बाद महामंत्री विजय आनंद अग्रवाल ने अपील की कि सराफ जब बिजनेस के लिए निकले तो माल का चालान वाउचर साथ लेकर चलें। उन्होंने सभी से अपील की कि वह जीएसटी में रजिस्ट्रेशन जरूर कराएं।

# अस्पताल के पास मिला 5 माह का भ्रूण

**पुलिस जांच में जुटी, कुत्ते ने शरीर को काटा**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान के गेट के पास एक नाले से पांच माह का भ्रूण बरामद हुआ है। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह घटना बुधवार को सामने आई, जब ॠकटर के पास नाले के नजदीक कुछ पड़ा देखकर लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पास जाकर देखने पर पता चला कि यह लगभग पांच माह का भ्रूण था, जिसे किसी ने वहां फेंक दिया था। भ्रूण के शरीर पर कुत्तों द्वारा काटे जाने के निशान भी थे। थाना कासना पुलिस ने बताया कि उन्हें नाले में करीब पांच माह का भ्रूण मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने भ्रूण का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# जिलाधिकारी ने एलपीजी वितरण एजेंसी के साथ बैठक की

**बोलीं- पर्याप्त स्टॉक, कालाबाजारी और अनाधिकृत भंडारण पर होगी सख्त कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल (एलपीजी) विपणन/आपूर्ति शाखा के क्षेत्रीय बिक्री अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने उपभोक्ताओं को शत-प्रतिशत गैस सिलेंडर आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी व अनाधिकृत भंडारण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान, एलपीजी गैस सिलेंडर वितरण एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को बताया कि जिले में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने उपभोक्ताओं से घबराहट पैदा न करने की अपील की। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार, सिंगल बॉटल कनेक्शन के लिए सिलेंडर डिलीवरी के 25 दिनों के बाद और डबल बॉटल कनेक्शन के लिए 30 दिनों के बाद अग्रिम एलपीजी रिफिल बुकिंग की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 लागू है। यदि किसी अनाधिकृत स्रोत या दलाल के माध्यम से एलपीजी सिलेंडरों की खरीद-फरोख्त या भंडारण पाया जाता है, तो इसमें शामिल व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी पेट्रोल/डीजल पंपों और गैस एजेंसियों के मालिकों को अपने सीसीटीवी कैमरे चालू रखने, सभी अभिलेखों को अद्यतन रखने और बार-बार खरीदने वाले ग्राहकों व समस्त स्टाफ पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी कालाबाजारी में संलिप्त न हो जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने बताया कि जिले में एलपीजी डीजल और पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक है

# ग्रेटर नोएडा में पेंट फैक्ट्री में लगी आग

**दमकल की 6 गाड़ियों ने बुझाई, लाखों का सामान जलकर राख हुआ**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के साइट 4 स्थित एक पेंट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। बीटा 2 थाना क्षेत्र की डी 79 कलरटैक्स पालीमार्क्स कंपनी में लगी इस आग पर दमकल की आधा दर्जन गाड़ियों ने करीब पौने घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। यह घटना बीटा 2 थाना क्षेत्र के साइट 4 स्थित डी 79 कलरटैक्स पालीमार्क्स कंपनी में हुई, जहां पेंट बनाने का काम किया जाता है। दमकल विभाग को शाम करीब 4:01 बजे आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। हालांकि, फैक्ट्री में थिनर और अन्य ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग ने जल्द ही विकराल रूप ले लिया और तेजी से फैलने लगी। पूरे क्षेत्र में धुएं का काला गुबार छा गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल की अतिरिक्त गाड़ियों को बुलाया गया, जिससे कुल आधा दर्जन गाड़ियां आग बुझाने में लगीं। दमकल कर्मियों ने करीब 45 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन कंपनी के अंदर रखा लाखों रुपये का तैयार माल और कच्चा माल जलकर नष्ट हो गया।

# क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा कोतवाली रॉबर्ट्सगंज में पेंडिंग विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण हेतु की गई समीक्षा

**तत्पश्चात बढ़ौली चौराहा पर पीआरबी कर्मियों को किया गया ब्रीफ।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आज दिनांक 11/12.03.2026 की रात्रि को क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा द्वारा कोतवाली रॉबर्ट्सगंज में लंबित विवेचनाओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निदेशों से अवगत कराते हुए लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा विवेचकों को निर्देशित किया गया कि सभी प्रकरणों में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध विवेचना सुनिश्चित की जाए तथा लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए, जिससे पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। इसके उपरांत बढ़ौली चौराहा पर पहुंचकर क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा पीआरबी के कर्मचारीगण को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निदेशों के क्रम में ब्रीफ किया गया। इस दौरान उन्हें डायल-112 सेवा के माध्यम से प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई, आमजन के साथ शिष्ट व्यवहार, तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनपद पुलिस द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने हेतु लगातार समीक्षा एवं आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, निष्पक्ष व समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आज दिनांक 12.03.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय-समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस एवं आमजन के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी माध्यम है।

# स्वच्छता जागरूकता को लेकर एनएसएस स्वयंसेवकों की रैली, बच्चों व ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश

अमन लेखनी समाचार




शक्तिनगर सोनभद्र।
महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई प्रथम एवं तृतीय के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन गुरुवार को चिल्काडांड पंचायत भवन में ह्लस्वच्छता जागरूकताह्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान के सामने आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में साफ- सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने लोकगीतों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान की ओर ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े रोहित विश्वकर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का अभाव देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी व्यस्त जीवनशैली के कारण साफ-सफाई के महत्व को समझ नहीं पाते, इसलिए युवाओं और स्वयंसेवकों को आगे बढ़कर समाज में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद कुमार पाण्डेय एवं डॉ. छोटेलाल प्रसाद के संयुक्त नेतृत्व में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। शिविर के दूसरे सत्र में लगभग 100 स्वयंसेवकों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर चिल्काडांड प्राथमिक विद्यालय तथा सनराइज पब्लिक स्कूल के छात्रों को स्वच्छता का संदेश दिया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उन्हें भोजन से पहले हाथ धोने, पॉलिथीन के उपयोग से बचने, फास्ट फूड व जंक फूड से दूरी बनाने तथा नियमित व्यायाम व खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। यह रैली शिविर स्थल से प्रारंभ होकर चिल्काडांड बस्ती और निमियांटांड बस्ती से होते हुए पुनः पंचायत भवन पहुंचकर समाप्त हुई। दोपहर के भोजन के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई, जिसने उपस्थित ग्रामीणों और विद्यार्थियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद कुमार पाण्डेय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. छोटेलाल प्रसाद ने व्यक्त किया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में एनएसएस की दोनों इकाइयों के 50-50 स्वयंसेवक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में चांदनी श्रीवास्तव, मधु केसरी, अर्चना जायसवाल, विद्या विश्वकर्मा, साक्षी दुबे, खुशी वर्मा, मानसी जायसवाल, सबा बानो, विशेष, शिवांशी, पंकज, हिमांशु और आशुतोष का सहयोग सराहनीय रहा।

खास समाचार

## राज्य महिला आयोग अध्यक्ष 13 मार्च को सर्किट हाउस सभागार में महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की करेंगी जन सुनवाई

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी प्रोटोकाल ने अवगत कराया है कि राज्य महिला आयोग अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर प्राप्त) श्रीमती डॉ0 बबिता सिंह चौहान जी का जनपद में सर्किट हाउस चुर्क में 12 मार्च को रात्रि में आगमन होगा, अध्यक्ष 13 मार्च 2026 को जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मवोत्सव कार्यक्रम में प्रातः 09:30 बजे प्रतिभाग करेगी, इसके पश्चात सर्किट हाउस में जनपद में महिलाओं की उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की जन सुनवाई करेंगीं, प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इसके पश्चात सर्किट हाउस सभागार में महिलाओं का सम्मान गोद भराई व अन्नप्रासन कार्यक्रम में प्रतिभग करेगी, इसके पश्चात अपरान्ह 01:30 बजे प्रेस वार्ता करेंगी, इसके पश्चात मॉ वैष्णों माता मंन्दिर डाला में अध्यक्ष दर्शन व पूजन करेगीं इसके पश्चात जिला करागार महिला बन्दीगृह का निरीक्षण करेगी तद्द पश्चात अपने गनतब्य को प्रस्थान करेगी।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत सोनभद्र पुलिस का व्यापक जनजागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण सुनिश्चित करने हेतु मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति 5.0) के नेतृत्व में समस्त थाना क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद स्थापित कर महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। अभियान के दौरान गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक प्रावधानों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु जनपद के विभिन्न बाजारों में एसिड/तेजाब विक्रय करने वाली दुकानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। दुकानदारों को विधिक प्रावधानों की जानकारी देते हुए बिना वैध पहचान पत्र/अभिलेख के एसिड विक्रय न करने के निर्देश दिए गए। स्टॉक रजिस्टर एवं सीसीटीवी व्यवस्था की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा उल्लंघन की स्थिति में कठोर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर -

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# अस्पतालों पर रात्रि निवास करें अधिकारी, क्षेत्र भ्रमण कर करें ओटी की जांच

**सीएमओ डॉ राजेश झा की अध्यक्षता में डीएचएस की कार्यकारी निकाय की हुई बैठक**

**डीएचएस की शासी निकाय की बैठक में दिये गये दिशा-निदेर्शों के अनुपालन पर हुई चर्चा**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की कार्यकारी निकाय की बैठक बृहस्पतिवार को सीएमओ कार्यालय के प्रेरणा श्री सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता सीएमओ डॉ राजेश झा ने की। इस अवसर पर उन्होंने डीएचएस की शासी निकाय की पिछली बैठक में दिये गये दिशा-निदेर्शों के अनुपालन के बारे में चर्चा की। सीएमओ ने कहा कि सभी अधीक्षक और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रात में अस्पतालों पर ही निवास करें। साथ ही ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अपने क्षेत्र के अस्पतालों की ओटी की निरंतर जांच करते रहें। बैठक में सीएमओ ने मातृ शिशु स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, आयुष्मान भारत योजना और अन्य राष्ट्रीयकृत योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासी निकाय की अगली बैठक से पहले सभी ब्लॉक अपने यहां के गैप को दूर कर लें। जिन ब्लॉकों के संकेतांक अच्छे नहीं हैं, वहां विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है। डॉ झा ने कहा कि शीघ्र ही एचपीवी का निःशुल्क टीकाकरण शुरू होने जा रहे है। इसके लिए सटीक माइक्रोप्लानिंग की आवश्यकता है। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को यह टीका अवश्य लग जाए। चिकित्सा अधिकारी अपने स्वास्थ्य इकाई पर उपलब्ध एम्बुलेंस की भी नियमित जांच करते रहें। सम्बन्धित अधिकारी टीकाकरण सत्र की भी नियमित मॉनीटरिंग और समीक्षा करते रहें। साथ ही सभी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। अस्पतालों के प्रसव कक्ष और ओटी की नियमित निगरानी की जानी चाहिए। बैठक में आरबीएसके टीम के भ्रमण की आगामी सूचना दिवालों पर अंकित किये जाने के दिशा-निर्देश के अनुपालन की स्थिति की भी समीक्षा की गयी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डिप्टी सीएमओ और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

# माह मार्च 2026 हेतु राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत गेहूं एवं चावल के वितरण स्केल में किया गया परिवर्तन

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि माह मार्च 2026 हेतु राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत गेहूं एवं चावल के वितरण स्केल में परिवर्तन किया गया है। ध्रुव गुप्ता) अपर आयुक्त महोदय के उपर्युक्त निर्देश के अनुपालन में जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को संसूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजनान्तर्गत माह मार्च 2026 के वितरण स्केल में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय कार्ड धारकों को खाद्यान्न की देय मात्रा प्रति कार्ड वर्तमान में गेहूं की मात्रा 14 किग्रा0 परिवर्तित मात्रा 10 किग्रा, चावल का मात्रा 21 किग्रा0 तथा परिवर्तित मात्रा 25 किग्रा0 है। इसी प्रकार से पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को खाद्यान्न की देय मात्रा प्रति यूनिट गेंहूँ वर्तमान में 02 किग्रा0 परिवर्तित 01 किग्रा0 तथा चावल का मात्रा वर्तमान में 3 किग्रा0 तथा परिवर्तित मात्रा 04 किग्रा0 निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि दृष्टिगत जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत पात्रता सूची में सम्मिलित समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के कार्ड धारको को सूचित किया जाता है कि माह फरवरी 2026 हेतु अन्त्योदय योजना के कार्डधारक प्रति कार्ड 25 किग्रा0 चावल एवं 10 किग्रा0 गेहूँ तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारक प्रति यूनिट 04 किग्रा0 चावल एवं 01 किग्रा0 गेहूँ संबंधित उचित दर की दुकान से निःशुल्क प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उक्त निःशुल्क वितरण में हो रही किसी भी प्रकार की शिकायत के सम्बन्ध में जिला पूर्ति कार्यालय अथवा संबंधित उपजिलाधिकारी कार्यालय या विभागीय टोल फ्री नम्बर 1800-1800-150 पर की जा सकती है। जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वह माह फरवरी 2026 के लिए आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण करना सुनिश्चित करें। वितरण में प्राप्त किसी भी प्रकार की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# गरौठा में मनाई गई वरिष्ठ पत्रकार की 14वीं पुण्यतिथि

## पत्रकारों सहित नगर के गणमान्य लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। कस्बा गरौठा में वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय मदन भाई यदुवंशी की 14वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का आयोजन दैनिक जागरण कार्यालय गरौठा में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने मदन भाई यदुवंशी के पत्रकारिता क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हुए उन्हें निडर, निर्भीक और कलम का सच्चा सिपाही बताया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने हमेशा निष्पक्ष और जनहित की पत्रकारिता की, जो आज भी पत्रकारों के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक करन सिंह, कोषाध्यक्ष शिवनारायण शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जंगबहादुर सिंह यादव, एसएचओ सुरजीत सिंह, रिटायर दरोगा हरिश्चन्द्र यादव, रिटायर दरोगा भागीरथ, योगेश द्विवेदी, राजेश सिंह परिहार, डॉ. ओमप्रकाश दौदेरिया, सुधीर जायसवाल, भवन यादव, वालादीन राठौर, शशिकांत तिवारी, राजकुमार तिवारी, राजेन्द्र सिंह बुन्देला, मुबीन खान, विमल तिवारी, मिलन सिंह परिहार, सुरेन्द्र तिवारी, मुन्नालाल यादव, प्रदीप शर्मा, कल्लू वर्मा, प्रमोद कुमार गुप्ता, अभी यादव, श्रीराम यादव, संजय रिछारिया, हेमंत यादव, महेन्द्र रैकवार, वीरपाल यादव, चन्द्रप्रकाश द्विवेदी, महेन्द्र सिंह कुशवाहा, धर्मजीत यादव (धमनोड़), पूर्व प्रधान डुमरई महीपत सिंह, क्रय-विक्रय समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह परिहार, अमन यादव, अनिल कुमार सोनी, पूर्व राजस्व निरीक्षक रामपाल सिंह निरंजन, पार्षद आकाश गुप्ता, छात्रनेता आकाश गुप्ता, आकाश पटेल, डॉ. रामबाबू सोनी, डॉ. रामगोपाल, डॉ. कंचन, सीनियर अधिवक्ता विपिन कुमार द्विवेदी, अनिल कुमार द्विवेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्राचार्य शिवनारायण शर्मा ने किया, जबकि आभार रामपाल सिंह यदुवंशी ने व्यक्त किया।

# भारतीय शास्त्रों का कालानुकूल प्रयोग आवश्यक : आचार्य नीलाभ तिवारी

**नाशिक में अखिल भारतीय शास्त्रार्थ महासभा एवं युवा विद्वत सम्मेलन का शुभारम्भ**

अमन लेखनी समाचार

नाशिक। भारतीय प्राचीन शास्त्रों का केवल संरक्षण ही नहीं, बल्कि उनका समयानुकूल प्रयोग भी आवश्यक है। वर्तमान युग की आवश्यकताओं के अनुरूप शास्त्रीय ज्ञान को व्यवहार में लाना ही उसकी वास्तविक सार्थकता है। प्राचीन काल में गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र एवं जीवनोपयोगी शिक्षा प्रणाली होती थी। किंतु विदेशी आक्रमणों और अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली के प्रभाव से शिक्षा का स्वरूप बदल गया और शिक्षा केवल परीक्षा केंद्रित होकर रह गई। बदलते शास्त्रों के अध्ययन करने के साथ साथ उनका व्याहारिक उपयोग भी अत्यंत आवश्यक है ।यह विचार केन्द्रीय गृह संस्कृत विश्वविद्यालय, नाशिक परिसर के निदेशक आचार्य नीलाभ तिवारी ने व्यक्त की ।केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नाशिक परिसर तथा महर्षि गौतम गोदावरी वेदविद्या प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय शास्त्रार्थ महासभा एवं युवा विद्वत सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में अपने अध्यक्षीय भाषण में व्यक्त किये। कार्यक्रम का उद्घाटन कैलास मठ के महामंडलेश्वर स्वामी संविदानंद सरस्वती जी के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गोवा के श्रीविद्या पाठशाला के अध्यक्ष महामहोपाध्याय देवदत्त पाटील, गौतम गोदावरी वेदविद्या प्रतिष्ठान के आचार्य रवीन्द्र पैठणे, नाशिक श्रृंगेरी मठ के पदाधिकारी रामगोपाल अय्यर, विवेकानन्द केन्द्र (कन्याकुमारी) के देवगिरी विभाग प्रमुख एवं वरिष्ठ संपादक डॉ. विश्वास देवकर, उद्योगपति धनंजय बेळे, भाजपा प्रवक्ता लक्ष्मण सावजी, नगरसेवक गुरुमीत बग्गा, नीलम पाटील, चंद्रकला धुमाळ, कमलेश बोडके सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।आगामी वर्ष 2027 में नाशिक में आयोजित होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले की पृष्ठभूमि में इस महासभा का विशेष महत्व बताया जा रहा है। तीन दिवसीय सम्मेलन में देशभर से आए 50 से अधिक विद्वान व्याकरण, न्यायशास्त्र, मीमांसा, ज्योतिष, वेदान्त और धर्मशास्त्र आदि विषयों पर शास्त्रार्थ करेंगे ।सम्मेलन के दौरान संस्कृत गुरुकुलों एवं नासिक परिसर के विद्यार्थियों के साथ संवाद सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विद्वान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे। इसके साथ ही आगामी सिंहस्थ कुंभ मेले के आध्यात्मिक महत्व, पूजा-विधियों तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों पर भी चर्चा की जाएगी। जिससे कुंभ पर्व कीआध्यात्मिक परंपरा के प्रति जनसामान्य में जागरूकता बढ़ सके ।उद्घाटन अवसर पर स्वामी संविदानंद सरस्वती जी ने कहा कि संस्कृत भाषा हमारी सनातन संस्कृति की मूलाधार है। वेद मंत्रों के श्रवण मात्र से भी शरीर और मन में ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि वेदविद्या को सुरक्षित रखने में वेद गुरुकुलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है तथा संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए समाज को आगे आना चाहिए, तभी जीवनोपयोगी शिक्षा प्राप्त होगी ।किन्तु विदेशी आक्रमणों और अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली के प्रभाव से शिक्षा का स्वरूप बदल गया और शिक्षा कार्यक्रम में आचार्य रवीन्द्र पैठणे ने अतिथियों का स्वागत किया

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

# जनवरी 26 से अब तक साइबर ठगी के कुल 86 पीड़ितों को 35,86,160/- की धनराशि कराई गई वापस

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा साइबर ठगी से पीड़ित नागरिकों को शीघ्र न्याय एवं राहत प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध के विरुद्ध सघन एवं निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल साइबर क्राइम) अनिल कुमार के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी (सहायक नोडल साइबर क्राइम) हर्ष पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय साइबर सेल/साइबर क्राइम पुलिस थाना एवं जनपद के समस्त थानों पर गठित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा अत्यंत सजगता, तकनीकी दक्षता एवं अथक प्रयासों के साथ कार्यवाही की गई। पुलिस की निरंतर, सुनियोजित एवं समयबद्ध कार्यवाही के परिणामस्वरूप माह फरवरी दिनांक 01.02.2026 से अबतक साइबर ठगी से प्रभावित 86 पीड़ितों की कुल 35,86,160/- की धनराशि तथा विगत माह जनवरी वर्ष 2026 में दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक साइबर ठगी के कुल 48 पीड़ितों की कुल 23,12,636/- की धनराशि पीड़ितों के मूल बैंक खातों में सकुशल वापस कराया गया है। यह उल्लेखनीय सफलता जनपदीय साइबर सेल द्वारा ठउफढ पोर्टल पर सतत निगरानी, साइबर हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान, संदिग्ध खातों को तत्काल होल्ड कराना, डिजिटल एवं तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण तथा विभिन्न बैंकों से निरंतर समन्वय स्थापित कर प्राप्त की गई है ।जनपद सोनभद्र पुलिस साइबर अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति के तहत न केवल अपराधियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही कर रही है, बल्कि साइबर ठगी से पीड़ित आमजन की धनराशि सुरक्षित वापस दिलाने हेतु पूरी प्रतिबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

# बिंद फैमिली दिल्ली एनसीआर के लोगों ने भदोही सांसद डॉ. विनोद बिंद जी के दिल्ली स्थित आवास पर होली मिलन समारोह

अमन लेखनी समाचार



बुधवार को नई दिल्ली में भदोही के सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद जी के स्थित आवास पर बिंद फैमिली दिल्ली एनसीआर की तरफ से होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया जिसमें समाज के लोगों ने एक दूसरे को रंग ,गुलाल लगाकर संभेद किया। जिसमें उपस्थित डॉ. विनोद कुमार बिंद (सांसद, भदोही) जी ने समाज के लोगों से मिलकर अत्यंत हृदय के गहराइयों से सबका धन्यवाद और हर्ष व्याप्त किया, वहीं तूफानी बिंद , जिलाजीत बिंद, इंजी. राम सिंह बिंद इंजी. सुनील बिंद ,इंजी.चंदन बिंद,यशवंत बिंद (प्रधानाचार्य), प्रो. डॉ. बलराम बिंद, इंजी .मनोज बिंद ,अधिवक्ता रामसनेही बिंद ,जी सीए गौरीशंकर ,प्रो. उमेश बिंद, महर्षि बिंद, इंजीनियर राहुल बिंद, इंजीनियर बृजेश बिंद,तीर्थ बिंद , इंजीनियर सूरज बिंद , इंजीनियर,उर्देश बिंद ,अशोक बिंद , अधिवक्ता शिवनाथ बिंद ,विजय साहनी ,धर्मेंद्र बिंद ,प्रभाकर बिंद आदि लोग उपस्थित रहे।



# धुरंधर 2 का पहला गाना आरी-आरी रिलीज...

मुंबई। जल्द ही फिल्म 'धुरंधर 2' सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के निर्देशक आदित्य धर के जन्मदिप पर 'धुरंधर 2' का पहला गाना 'आरी आरी' रिलीज हुआ। गाने में रणवीर सिंह का खूंखार लुक नजर आया। 'आरी आरी' गाना फिल्म 'धुरंधर 2' का एंथम सॉन्ग है। फिल्म की कहानी को लेकर यह गाना काफी कुछ बयां कर रहा है। फिल्म में बदला लेने की हद को पार किया जाएगा, यह बात इस गाने में दिखे रहे विजुएल्स से समझ आती है। 'आरी आरी' में रणवीर सिंह के अलावा फिल्म 'धुरंधर 2' के बाकी किरदारों की झलक भी मिलती है। गाने में फिल्म के कई सीन्स दिखाए जाते हैं, जो ट्रेलर में नहीं थे।

लाइफ Style


# जेनेलिया

## परफेक्शन नहीं, प्रगति पर फोकस करो

**अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा ने जिम से अपनी एक फोटो सोशल मीडिया पर साझा की है। इसके साथ उन्होंने सभी मांओं के नाम एक खूबसूरत मैसेज लिखा है। जेनेलिया डिसूजा चर्चित एक्ट्रेस होने के साथ-साथ दो बच्चों की मां भी हैं। उनके दो बेटे रियान और राहिल हैं।**

एजेंसी ⏭ मुंबई

जेनेलिया अपने परिवार को पूरा समय देती हैं। मगर, इसके साथ वे खुद पर भी पूरा ध्यान देती हैं। खासकर अपनी फिटनेस के बारे में कोई समझौता नहीं करती हैं। जेनेलिया ने आज गुरुवार को जिम से एक फोटो साझा की है। इसका कैप्शन और दमदार है। जेनेलिया डिसूजा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर की है। वे ब्लैक जैकेट और शॉर्ट्स में नजर आ रही हैं। उनकी टीशर्ट पर लिखा है, 'आई'। बता दें कि मराठी में मां को आई कहते हैं। यह फोटो शेयर करते हुए जेनेलिया ने सभी मॉम को फिटनेस के प्रति जागरुक करते हुए मैसेज लिखा है। वे लिखती हैं, 'आई यानी मां जिम में। प्रोग्रेस पर फोकस करो, परफेक्शन पर नहीं। यह एक छोटा सा रिमाइंडर मेरे लिए है और साथ ही इसे पढ़ने वाली सभी माओं के लिए भी है'। जिम आउटफिट में हाथ में पानी की बोतल थामे जेनेलिया अपनी फिटनेस के प्रति पाबंद नजर आ रही हैं। जेनेलिया की टोन्ड बॉडी देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे अपनी सेहत और फिटनेस को लेकर कितनी जागरुक हैं। जेनेलिया के करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2003 में फिल्म 'तुझे मेरी कसम' से डेब्यू किया था। इसी फिल्म से रितेश देशमुख ने भी डेब्यू किया था।



हॉलीवुड मसाला




# बिली दिखाएंगी अपना एक्टिंग टैलेंट

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की मशहूर सिंगर बिली एलिश ने अपने गानों से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह अपने अभिनय का हुनर भी दर्शकों को दिखाएंगी। एक चर्चित नॉवेल पर बन रही फिल्म से वह अपना एक्टिंग डेब्यू करने वाली है। हॉलीवुड सिंगर बिली इलिश अब बड़े पर्दे पर अभिनय करेंगी। वह फिल्ममेकर सारा पॉली की अगली फिल्म का हिस्सा हैं। बता दें कि साल 2023 में सारा पॉली की फिल्म 'वुमन टॉकिंग' ने बेस्ट स्क्रीनप्ले का ऑस्कर जीता था। चार साल बाद फिल्ममेकर सारा पॉली फिर से सक्रिय हुई हैं और बिली एलिश को लेकर फिल्म बना रही हैं।





# द ब्लफ बनी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म

मुंबई। प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' बहुत हिट हो गई है। यह एक एक्शन एडवेंचर फिल्म है, जिसमें प्रियंका ने ब्लडी मैरी नाम की दमदार महिला डाकू का रोल किया है। फिल्म को मिली-जुली समीक्षाएं मिलीं, लेकिन दर्शकों ने इसे बहुत पसंद किया। फरवरी के आखिर में प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' स्ट्रीमिंग ओरिजिनल फिल्मों के चार्ट में नंबर 1 पर पहुंच गई है। 27 फरवरी से 5 मार्च तक के आंकड़ों में इसने करीब 300.3 मिलियन मिनट का व्यूअरशिप हासिल किया। यानी यह फिल्म दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली ओरिजिनल फिल्म बन गई। प्रियंका के फैंस उनकी इस सफलता से बेहद खुश हैं और उन्हें अभिनेत्री की इस सफलता पर बहुत गर्व हो रहा है। फैंस लगातार सोशल मीडिया पर अपनी राय पेश कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'वह इसकी हकदार हैं, उन्होंने बहुत मेहनत की है'।



# रामायण के दूसरे पार्ट की शूटिंग की शुरू

मुंबई। रामायण फिल्म को लेकर नई-नई खबरें सामने आ रही हैं। बीते दिनों इसके कुछ फोटो वायरल हुए थे, जिन्हें शूटिंग से लीक हुए फोटोज बताया जा रहा था। लेकिन, बाद वे में वे फैक निकले। अब फिल्म की शूटिंग से जुड़ा बड़ा अपडेट सामने आया है। रणबीर कपूर की इस फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि रणबीर कपूर ने दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। इस पार्ट में माता सीता के अपहरण के बाद की घटनाओं का जिक्र होगा। फिल्म में भगवान हनुमान का किरदार निभा रहे सनी देओल भी इस वीकेंड से शूटिंग में शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, 'करीब दो महीने का शूटिंग शेड्यूल रखा गया है, जिसमें काफी बड़े एक्शन और ड्रामा वाले सीन शूट होंगे। कहानी अब भगवान राम के लंका जाने के सफर की ओर बढ़ेगी।



# अच्छे सिनेमा को संघर्ष करना पड़ रहा

मुंबई। आजकल हर कैटेगरी की फिल्में आ रही हैं। कुछ सिनेमाघरों में रिलीज होती है, तो कुछ ओटीटी पर। ऐसे में विशाल भारद्वाज का मानना है कि इस वक्त फिल्ममेकिंग एक मुश्किल दौर से गुजर रही है और अच्छे सिनेमा को संघर्ष करना पड़ रहा है। एक बातचीत में विशाल भारद्वाज ने कहा कि पहले ऐसी फिल्मों के लिए फंड जुटाना आसान था, जैसे उनकी फिल्म हैदर, अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर और विक्रमादित्य मोटवाने की उड़ान। लेकिन, अब हालात बदल गए हैं और इस तरह की फिल्मों के लिए पैसे जुटाना काफी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि आजकल फिल्मों के लिए एक तरह की लाइन खींच दी गई है। अगर कोई अलग तरह की कहानी होती है तो कहा जाता है कि इसे ओटीटी पर ले जाओ।

टीवी मसाला



# अर्चना ने श्वेत-रिद्धि की लव स्टोरी पर लगाई मुहर

नई दिल्ली। शो 'द 50' का हाल ही में एक प्रोमो रिलीज हुआ। इसमें टीवी एक्ट्रेस अर्चना गौतम ने इशारों में इशारों में जाहिर कर दिया कि रियलिटी शो में एक नई प्रेम कहानी शुरू हो चुकी है। प्रोमो वह उस सेलिब्रिटी कपल के सामने भी यह बात कह देती है। जिसे सुनकर वो दोनों मुस्कुराने लगे। आखिर कौन है ये नया जोड़ा? अर्चना गौतम ने हालिया प्रोमो में एक्टर श्वेत तोमर और एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा की दोस्ती पर मजाक-मजाक में बड़ी बात कह दी। यह बात अर्चना ने रिद्धि और श्वेत के सामने कही। अर्चना बोलीं- 'तुम दोनों दोस्त नहीं गर्लफ्रेंड बॉयफ्रेंड ज्यादा लगते हो।' यह सुनकर दोनों मुस्कुराने लगते हैं। आगे प्रोमो में रिद्धि और श्वेत के बीच की केमिस्ट्री अलग-अलग अंदाज में दिखाई जाती है। एक जगह पर दोनों बड़े प्यार से गले लगते हुए नजर आए। अब तक दर्शकों ने कई रियलिटी शो देखे हैं, जिसमें सेलिब्रिटी कपल के बीच प्यार और दोस्ती हुई। लेकिन, शो से बाहर आने के बाद अधिकतर का रिश्ता खत्म हो गया। वहीं कुछ सेलेब्स ऐसे भी रहें, जिन्हें रियलिटी शो में प्यार हुआ और बाद में शादी भी की। 'द 50' में के ही प्रतियोगी प्रिंस नरुला और युविका चौधरी को भी 'बिग बॉस' रियलिटी शो में प्यार हुआ था, शो से बाहर आने के बाद दोनों ने शादी की।'

## तुलसी ने फिर मारी बाजी, अनुपमा दूसरे स्थान पर

नई दिल्ली। नौवें हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में कई उलट-फेर हुए हैं। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' थी पिछले हफ्ते की तरफ इस



बार भी नंबर वन की पॉजिशन पर बना हुआ है। नौवें हफ्ते में इस सीरियल को 2.1 की रेटिंग मिली है। जबकि आठवें हफ्ते में सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की टीआरपी 2.0 रही है। इन दिनों सीरियल में काफी नए ट्विस्ट आ रहे हैं। सीरियल में लीड रोल में स्मृति ईरानी नजर आती हैं। सीरियल 'अनुपमा' को इस हफ्ते टीआरपी लिस्ट में दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी इस हफ्ते 1.9 रही है। जबकि आठवें हफ्ते में भी इसकी टीआरपी 1.7 है। नौवें हफ्ते में इस सीरियल की टीआरपी बढ़ी है, क्योंकि शो में लीप आया है, कहानी ने नया मोड़ लिया है। टॉप 5 में तीसरे नंबर पर सीरियल 'तुम से तुम तक' रहा है, इसकी टीआरपी 1.7 रही है। जबकि चौथे नंबर पर सीरियल 'उड़ने की आशा' है, इसको 1.6 की टीआरपी मिली है। पांचवें नंबर पर सीरियल 'नागिन 7' है। सीरियल 'नागिन 7' को 1.6 की टीआरपी मिली है। पिछले हफ्ते के मुकाबले इस सीरियल की टीआरपी कम हुई है।

# मैंने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की है, ये लव जिहाद नहीं, सभी धर्मों का करती हूं सम्मान

*मुस्लिम एक्टर से शादी करने के बाद महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा ने अपनी शादी पर रिएक्शन दिया और लव जिहाद कहने वालों को जवाब दिया है। मोनालिसा भोसले, जो महाकुंभ की वायरल गर्ल के नाम से फेमस है। उन्होंने हाल ही में मुस्लिम एक्टर फरमान से शादी की है, जिसके बाद उन्होंने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और अपनी शादी पर रिएक्शन दिया है।*

नई दिल्ली। अपनी शादी को लव जिहाद कहने वाले लोगों को करारा जवाब दिया और बताया कि उन्होंने हिंदू रीति रिवाज से शादी की है। उन्होंने कहा- मैंने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की है। ये 'लव जिहाद' नहीं है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करती हूं और हर धर्म को बराबर मानती हूं। हमारी जो शादी हुई है वो हिंदू रीति रिवाज से हुई है। वैसे तो ये मेरे से शादी करना नहीं चाहता था। मैंने ही खुद इनसे जबरदस्ती शादी की थी। मेरे मम्मी पापा घर पर किसी दूसरे से शादी करवाना चाहते थे। तो मुझे वो लड़का अच्छा नहीं लगा। बुआ का



लड़का था वो। बुआ के लड़के से मैं शादी करुंगी तो वह मेरा भाई लगा। इसलिए, मैंने सोचा कि मैं इनसे शादी नहीं करुंगी। पापा साथ में आए थे मेरे। अभी भी यहीं हैं मेरे पापा। लेकिन ,उन्होंने शादी अटेंड नहीं की। वो मेरे साथ में ही आए थे । अभी नाराज हैं। कल मिले थे हम उनसे। मोनालिसा के पति ने कहा, हमने कोई धर्म परिवर्तन नहीं किया है। मैंने वहीं मोनालिसा ने कहा, मैं सब धर्म को बराबर मानती हूं। वहीं ,उम्र का सबूत देते हुए कपल ने आधार कार्ड दिखाया, जिसमें उनकी उम्र कंफर्म की है।

# हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट में फिर आया शाहरुख का नाम

मुंबई। बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले शाहरुख खान ने एक बार फिर 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट' में अपनी जगह बनाई है। इससे खान का नाम भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक के तौर पर मशहूर हुआ है। इससे वैश्विक मंच पर एक अहम कारोबारी हस्ती के रूप में खान का रुतबा और मजबूत हुआ है। 5 मार्च को जारी लिस्ट के मुताबिक, शाहरुख खान की नेट वर्थ लगभग 1.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो करीब 10,800 करोड़ रुपए है। इतनी दौलत के साथ वह दुनिया के कई मशहूर एक्टर्स में अपनी जगह बनाए हुए हैं। ग्लोबल वेल्थ रैंकिंग में भारत अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रहा है। अरबपतियों की संख्या के मामले में देश अभी तीसरे स्थान पर है। इस लिस्ट में 308 लोग शामिल हैं। चीन और अमेरिका इस रैंकिंग में सबसे आगे हैं। जिनके पास क्रमशः 1,110 और 1,000 अरबपति हैं। हुरुन लिस्ट में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की कई ग्लोबल हस्तियां भी शामिल हैं। म्यूजिक के बड़े नाम जैसे जे-जी, जिनकी नेट वर्थ करीब 2.8 बिलियन यूएसडी है, टेलर स्विफ्ट, जिनकी नेट वर्थ 1.6 बिलियन यूएसडी है और रिहाना, जिनकी नेट वर्थ 1.5 बिलियन यूएसडी है, इस लिस्ट का हिस्सा हैं। शाहरुख खान ने इस लिस्ट में अपनी जगह बनाए रखी है, लेकिन रिपोर्ट्स से पता चलता है कि पिछली बार के मुकाबले उनकी दौलत मे थोड़ी कमी आई है। 2025 में, उनकी कुल संपत्ति लगभग 12,490 करोड़ रुपए (लगभग 1.4 बिलियन यूएसडी) आंकी गई थी। काम की बात करें तो, शाहरुख खान सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की तैयारी कर रहे हैं। इसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी होगी। इसमें रानी मुखर्जी, दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन और अनिल कपूर सहित कई बड़े कलाकार शामिल हैं।



## प्रोड्यूसर की शूटिंग के दौरान मौत, 11 ऑस्कर जीत रचा इतिहास

# 67 साल पुरानी फिल्म ने स्टूडियो को दिवालिया होने से बचाया


*नई दिल्ली। सिनेमा की दुनिया में कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जो समय की कसौटी पर खरी उतरती हैं और इतिहास रचती हैं। 1959 में रिलीज हुई 'बेन-हर ' ऐसी ही एक फिल्म है, जिसने 11 ऑस्कर पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया. इस रिकॉर्ड की बराबरी बाद में 'टाइटैनिक' और 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स: द रिटर्न ऑफ द किंग' ने की. विलियम वायलर निर्देशित यह फिल्म लू वॉलेस के 1880 के उपन्यास 'बेन-हर: ए टेल ऑफ द क्राइस्ट' पर आधारित है। चार्लटन हेस्टन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म रोमन साम्राज्य के समय की पृष्ठभूमि पर बदले, विश्वास और मोक्ष की कहानी बयान करती है।*

### बदले की आग और विश्वास की रोशनी

फिल्म की कहानी बेन हर की है जो हालात के हाथों मजबूर होकर गुलाम बन जाता है। कुल मिलाकर इस कहानी में धर्म और कर्म दोनों का मर्म जोड़ा गया है। फिल्म की कहानी को खूब पसंद किया गया था और इसी वजह से यह दुनियाभर में पसंद भी की गई।

### सबसे महंगी फिल्म का सफर

'बेन-हर' का निर्माण एमजीएम स्टूडियो के लिए जीने-मरने का सवाल बन गया था, क्योंकि स्टूडियो दिवालिया होने की कगार पर था। फिल्म का बजट शुरू में 7 मिलियन डॉलर था, लेकिन यह बढ़कर 15.2 मिलियन डॉलर हो गया, जो उस समय की सबसे महंगी फिल्म थी। फिल्म की शूटिंग इटली के सिनेसिटा स्टूडियो में हुई, जहां 18 एकड़ का सेट बनाया गया। प्रोडक्शन अक्टूबर 1957 में शुरू हुआ, और शूटिंग मई 1958 से जनवरी 1959 तक चली। 12-14 घंटे के दिन और छह दिन का शेड्यूल था। इसका रथ दौड़ का सीन सिनेमा के इतिहास का सबसे प्रसिद्ध एक्शन सीक्वेंस बन गया। इसे फिल्माने में पांच हफ्ते, 15,000 एक्स्ट्रा लगे और 18 रथ बनाए गए। याकिमा कैनट ने स्टंट निर्देशित किया। समुद्री लड़ाई के लिए कैलिफोर्निया में मिनिएचर जहाजों का इस्तेमाल किया गया। 200 ऊंट, 2,500 घोड़े और 10,000 एक्स्ट्रा थे। यही नहीं, प्रोड्यूसर सैम जिम्बालिस्ट की शूटिंग के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई।



### सिनेमा का मील का पत्थर

बॉक्स ऑफिस पर 'बेन हर' 1959 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म थी, कुल 146.9 मिलियन डॉलर की कमाई. फिल्म ने एमजीएम को दिवालिया होने से बचाया. 'बेन-हर' ने एपिक फिल्मों को नई दिशा दी। आज भी इसका रथ दौड़ सीन एक्शन का बेंचमार्क है। 1971 में टीवी पर इस फिल्म को 8.58 करोड़ दर्शकों ने देखा। यह फिल्म क्षमा, विश्वास और मानवता की सीख देती है, जो समय से परे है।

### बेन-हर स्टारकास्ट और ड्युरेशन

चार्लटन हेस्टन ने बेन-हर का किरदार निभाया, जबकि स्टीफन बॉयड मेसाला बने. जैक हॉकिंस, हाया हरारीत, ह्यू ग्रिफिथ आदि मुख्य भूमिकाओं में थे। विलियम वायलर ने निर्देशन किया। रोमन भूमिकाओं के लिए ब्रिटिश एक्टर्स और यहूदी के लिए अमेरिकी चुने गए। फिल्म का ड्युरेशन लगभग तीन घंटे 32 मिनट है। बेन-हर (1959) फिल्म को ऑस्कर में 12 नॉमिनेशन मिले थे, जिनमें से ये 11 कैटेगरी ऑस्कर जीतने में कामयाब रही।